संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार 26 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 174 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली स्थित नए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

# इमरजेंसी को लेकर कैबिनेट बैठक में रखा गया दो मिनट का मौन

## केंद्रीय कैबिनेट ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर लोकतंत्र रक्षकों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल की पचासवीं बरसी पर दो मिनट का मौन रखा और भारत के लोकतंत्र में विश्वास की पुष्टि की। मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव में सभी नागरिकों से संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक भावना के रक्षकों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कैबिनेट में पारित निर्णयों और प्रस्ताव की जानकारी दी। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर कैबिनेट के प्रस्ताव को पढ़ा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान की हत्या के प्रयास को असफल करने वाले योद्धाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संविधान पर यह प्रहार 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के कठोर प्रयास के साथ शुरू हुआ था। बैठक में गणतंत्र के वीरों के अद्वितीय साहस और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि के लिए 2 मिनट मौन रखा गया। श्रद्धांजलि उन्हें भी समर्पित थी जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। वर्ष 2025 संविधान हत्या दिवस की 50वीं वर्षगांठ है। यह भारतीय इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय था। आपातकाल में संविधान को कुचलने, भारत की लोकतांत्रिक भावना पर हमला करने और संघवाद को नष्ट करने का काम किया गया। मौलिक अधिकार, मानवीय स्वतंत्रता और गरिमा को भी खत्म किया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ युवाओं को भी इन लोकतंत्र सेनानियों से सीखने का आह्वान किया। इन वीरों ने तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध किया और हमारे संविधान एवं लोकतांत्रिक भावना की दृढता से रक्षा की। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत, संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण, सुरक्षा और रक्षा का मूर्तरूप है।



### मोदी ने आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में शामिल सभी योद्धाओं को सलाम किया

**नई दिल्ली।** देश में साल 1975 में थोपे गए आपातकाल की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'संविधान हत्या दिवस' पर इस काले कालखंड की लड़ाई में शामिल हर योद्धा को सलाम किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा " हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने तथा विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा गरीबों और वंचितों के सपनों को पूरा करें।"

### आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता वैसी ही-जेपी नड्डा



**नई दिल्ली।** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज संविधान हत्या दिवस मना रही है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर अपने वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि 25 जून, 1975 की आधी रात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोपा। देश के संविधान की हत्या कर दी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। उसकी नीयत आज भी तानाशाही वाली है। उन्होंने कहा कि 1975 में कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य करार दिया। रातों-रात प्रेस की बिजली काटी गई, सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया, प्रेस से आजादी छीन ली गई, अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया।

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 'संविधान हत्या दिवस' पर कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था, जिसे देश को हमेशा याद रखना चाहिए ताकि वह त्रासदी दोबारा न दोहराई जाए। अमित शाह देश में आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 की रात लगाए गए आपातकाल ने संविधान की आत्मा को कुचलने का काम किया था। देश को एक जेलखाना बना दिया गया था, न्यायपालिका को मौन कर दिया गया था और प्रेस की कलम से स्याही छीन ली गई थी। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखित पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः ईयर दैट फोर्ज्ड आवर लीडर्स' का विमोचन भी किया गया। शाह ने बताया कि यह पुस्तक नरेन्द्र मोदी के आपातकाल के दौरान एक 24-25 वर्षीय युवा संघ प्रचारक के रूप में भूमिगत संघर्ष, मीसा बंदियों की मदद और गुप्त समाचार पत्रों के वितरण जैसे प्रयासों को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने साधु, सरदारजी, हिप्पी, अगरबत्ती या अखबार विक्रेता के रूप में जमीन पर काम किया। उन्होंने युवाओं से इस पुस्तक को अवश्य पढ़ने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस की सत्ता ने एक विचार स्थापित करने की कोशिश की थी- राष्ट्र से बड़ी पार्टी, पार्टी से बड़ा परिवार और परिवार से बड़ा व्यक्ति।

**आपातकाल**

- 25 जून 1975 की रात लगाए गए आपातकाल ने संविधान की आत्मा को कुचलने का काम किया था।

# कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा : रविशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को मुंबई में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंट दिया था। सांसद प्रसाद ने कहा कि क्या कांग्रेस पार्टी इसके लिए देश की जनता से माफी मांगेगी। सांसद रविशंकर प्रसाद आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा के मुंबई स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सांसद प्रसाद ने कहा कि आपातकाल के दौरान देश भर में डेढ़ लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जनसंघ और समाजवादी पार्टी जैसे प्रमुख विपक्षी दलों के सभी नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर हरियाणा की जेल में रखा गया था। मोरारजीभाई देसाई को भी उसी जेल में रखा गया था। हालांकि, दोनों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। जेल में आरएसएस के स्वयंसेवकों और जनसंघ कार्यकताओं को शारीरिक यातनाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान 253 पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से 110 पत्रकार मीसा कानून और 110 बाल संरक्षण कानून के तहत गिरफ्तार किए गए थे। 33 अन्य गंभीर अपराधों के तहत गिरफ्तार किए गए थे। कई वरिष्ठ संपादकों को भी गिरफ्तार किया गया था। 52 विदेशी पत्रकारों की मान्यता रद्द कर दी गई थी। प्रसिद्ध पत्रकार मार्क टुली समेत 29 विदेशी पत्रकारों के भारत में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अखबारों पर प्री-सेंसरशिप लगा दी गई थी।

# महाराष्ट्र और कोलकाता में स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** कोलकाता के दो प्रमुख स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिये बम की धमकी मिली। इसके बाद अधिकारियों ने छुट्टी घोषित कर दी और छात्रों को घर भेज दिया। पुलिस ने स्कूल परिसर की गहन तलाशी ली और धमकियों को फर्जी बताया। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक निजी स्कूल को बुधवार सुबह एक ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। हालांकि, जांच के बाद ये धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि शहर के दक्षिणी हिस्से के आनंदपुर इलाके में स्थित कलकत्ता इंटरनेशनल स्कूल और तालटोला स्थित कलकत्ता बॉयज स्कूल को ईमेल मिले थे, जिसमें दावा किया गया था कि कक्षाओं के बीच दोपहर में बम फटेंगे। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आनंदपुर पुलिस स्टेशन की एक टीम कलकत्ता इंटरनेशनल स्कूल और तलतला की एक अन्य टीम कलकत्ता बॉयज स्कूल पहुंची। खोजी कुत्तों और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने दोनों परिसरों और उनके आसपास के इलाकों की गहन तलाशी ली।



# आगरा में खुलेगा सीआईपी का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्रः शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के सिंगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की मंजूरी को महत्वपूर्ण कदम बताया है। दिल्ली में बुधवार को मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह ने कहा कि गेहूं और चावल के बाद उपभोग के लिहाज से आलू का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। चीन के बाद भारत आलू उत्पादन में तीसरे नंबर पर हैं। आलू प्रमुख फसल भी है एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद जरूरी है लेकिन भारत में मुख्यतः आलू की टेबल वेरायटी का उत्पादन होता है, जबकि निर्यात बाजार में प्रोसेस करने योग्य किस्मों की मांग होती है। इसमें जर्म प्लाज्म का भंडार होगा, जिसका उपयोग करके अधिक उत्पादकता वाले बीज तैयार किए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा ऐसी नई किस्मों के प्रजनन का कार्य किया जाएगा जो जलवायु अनुकूल हों और गर्मी, रोगों तथा कीटों के प्रतिरोधी क्षमता से परिपूर्ण हों।

# वकीलों को सीधे समन भेजकर बुलाएंगी एजेंसियां, तो खतरे में आ जाएगी न्याय प्रणालीः कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि ऐसी व्यवस्था जिसमें पुलिस या जांच एजेंसियां वकीलों को सीधे समन भेज सकती हैं, वह कानूनी पेशे की स्वतंत्रता को कमजोर करती है और न्याय व्यवस्था की आजादी के लिए एक 'सीधा खतरा' है। जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय की प्रक्रिया का अभिन्न अंग होता है। पीठ ने कहा, जब पुलिस या जांच एजेंसियां सीधे सलाह देने वाले वादी या वकील को समन भेजेगी तो यह कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से प्रभावित करेग और इससे न्याय प्रणाली की आजादी के लिए सीधे खतरा पैदा होगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कुछ अहम सवाल भी उठाए। बेंच ने पूछा, कुछ अहम सवाल विचार के लिए सामने आते हैं, जैसे (1) जब कोई व्यक्ति किसी मामले से केवल वकील के तौर पर जुड़ा हो और केवल सलाह दे रहा हो, तो क्या जांच एजेंसी, अभियोजन पक्ष या पुलिस उस वकील को सीधे पूछताछ के लिए समन कर सकती है? बेंच ने दूसरा सवाल पूछा, मान लेते हैं कि जांच एजेंसी, अभियोजन पक्ष या पुलिस के पास ऐसा मामला है।



# बादल फटने से कुल्लू के पांच जिलों में येलो अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने दस्तक देते ही अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। खासकर कुल्लू जिले में बादल फटने की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिससे भारी नुकसान हुआ है। वहीं प्रदेश के पांच जिलों में फ्लैश फ्लड का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुल्लू जिले के सैंज घाटी, गड़सा, बंजार और मणिकर्ण के ब्रह्मगंगा नाले में बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। सैंज के जीवनाला, गड़सा घाटी के शिलागढ़, मनाली के स्रो गैलरी और बंजार के होरनगढ़ क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक बारिश का जोर बढ़ा और बादल फटने से नदियों-नालों में बाढ़ आ गई।

**लोकतंत्र**

*संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित*

# संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है और वे संविधान को बचाने की दुहाई देते हैं,जबकि वे आज भी सरकार बनने पर कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस करने जैसे बयान देकर भी संविधान को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद से पिछले 11 वर्षों में यह देश संविधान के अनुरूप चला है और असल मायने में आजाद भारत को लोगों ने देखा है। मुख्यमंत्री सैनी बुधवार को करनाल में भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय-देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी का दंश झेल रहा था, उस समय हमारे देश के नायकों ने अपना बलिदान दिया ताकि आने वाली पीढ़ियां खुली हवा में साँस ले सकें, लेकिन उस समय किसी को यह नहीं पता था कि देश एक ऐसा दौर भी देखेगा, जब पवित्र संविधान की हत्या की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25जून का दिन हम सबको याद कराता है कि उस समय कैसे रात के 12बजे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में इमरजेंसी लगाने का आदेश पारित किया था। इमरजेंसी काल में आम लोगों को यातनाएं देते हुए पकड़ लिया जाता था। उन पर किए गए अत्याचारों से आज भी हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सैनी ने कहा कि यह आदेश उस सरकार की अपनी इच्छाशक्ति को पूरा करने के लिए जारी किया गया था।





# गीता, गुरुग्रंथ साहिब और बाइबल की तरह पवित्र है संविधान: एसपी बघेल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश के गीता, गुरुग्रंथ साहिब और बाइबल की तरह पवित्र है। हमें संविधान का मान सम्मान और आदर करना चाहिए। देश हित में संविधान के अंदर संशोधन भी किया जाने चाहिए, लेकिन व्यक्तिगत या कुर्सी के लिए संशोधन करना संविधान की हत्या के बराबर है। भारतीय जनता पार्टी संविधान को बचाने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में आयोजित संविधान हत्या दिवस 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने संविधान हत्या दिवस को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि देश को कुरुक्षेत्र की भूमि से धर्म-अधर्म, न्याय-अन्याय, नीति और अनीति के विषय में ज्ञान दिया है, जिसका हमारे देश में नहीं बल्कि पूरे विश्व में अनुसरण किया है। अब तक अधर्म, अन्याय और अनीति हारती आई है। यही सीख संविधान की हत्या करने वालों को भी लेनी चाहिए। हमारे देश में डेमोक्रेसी बहुत ही बड़ी और पुरानी है। देश के पास द्वापर और त्रेता युग का प्रमाण मौजूद है, जबकि अमेरिका के पास स्टेच्यू ऑफ यूनिटी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका आज खुद की डेमोक्रेसी को सबसे पुराना बता रहा है। अब समय बदल चुका है, उसकी डेमोक्रेसी को भारत के नागरिक चैलेंज करते हैं, क्योंकि सबसे पुरानी और सबसे बड़ी डेमोक्रेसी भारत की रही है और आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब तक दो महिलाए राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित हो चुके है, लेकिन अमेरिका में आज तक महिला को राष्ट्रपति की उपाधि नहीं मिली। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि हमारे देश की डेमोक्रेसी पर सिर्फ 19 महीने की इमरजेंसी ही एक काला धब्बा है। यह वो समय है जब देश के नागरिकों को छिप कर रहना पड़ा, दुकानदारों के रोजगार बंद हो गए, किसान अपने खेत में काम नहीं कर सकते थे, जो भी व्यक्ति बाहर मिलता था उसे जेल में बंद कर देते थे, नशबंदियां होती थी, लोगों को बहुत सी यातनाएं सहन करनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि इस आपातकाल के दौरान करीब 1 लाख 10 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया, इनमें पत्रकार भी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि आपातकाल की स्थिति देश को किसी बाहरी खतरे के समय, आंतरिक अशांति के समय और वित्तीय संकट में घोषित की जाती है। वर्ष 1975 में हमारे देश में तब इनमें से कोई भी कारण नहीं था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर इन यातना सहन करने वालों को मान सम्मान दिया इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जवाहर सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश, भाजपा मनचंदा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जितेंद्र खैरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आगामी 6 जुलाई को आयोजित बुजुर्ग सम्मान समारोह को लेकर दिया न्यौता

**पानीपत:** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा आगामी 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में सुबह 10 बजे किया जाएगा। जिसको लेकर ब्राहमण महासंघ हरियाणा के संस्थापक ऋतमोहन शर्मा, अनिल शर्मा, विनोद शास्त्री व महाबीर गौत्तम ने गांव कुराड़ में समारोह का न्यौता दिया।


### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-32 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में TBSR (H-Beam)-1113 Nos. (Br.No. 234A/IL, 21UP, 222A/DN, 228A/IIIL, 228A/Side) आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** रु. 3,32,41,470.74 **धरोहर राशि (रुपये):** रु. 3,16,200.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.07.2025, 15:00 बजे। |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT-32-25-26-W-II दिनांक: 25.06.2025 1908/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितेश, पुत्र: प्रेमपाल पता: मकान नंबर I–439 ए2, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 814/2014, U/s: 511/380 IPC, पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नितेश** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नितेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अभियुक्त **नितेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सचिन,
जेएमएफसी–03, पूर्वी जिला, कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7868/NE/2025



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.श्री किशन, पार्टनर मैसर्स एसडीएस डिजाइन स्टूडियो, 2.श्रीमती सावित्री देवी पत्नी: श्री किशन**, पार्टनर मैसर्स एसडीएस स्टूडियो, सी–132, सैक्टर–63, नौएडा उत्तर प्रदेश, बी–93, सैक्टर 67, नौएडा, उत्तर प्रदेश और सी–308, अरिहंत हारमोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, **CC No. 7759/2017, U/s 138 NI Act,** थाना: कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री किशन** और **श्रीमती सावित्री** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री किशन** और **श्रीमती सावित्री** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 7759/2017, U/s 138 NI Act,** थाना: कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्री किशन** और **श्रीमती सावित्री** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरविन्द तोमर, एलडी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07
कोर्ट नं. 507, एक्सटेशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8263/N/2025
(Court Matter)


## सडक दुर्घटना: घायलों का इलाज ना करने वाले अस्पतालों के खिलाफ होगी कार्रवाई: नेहा सिंह




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार पैनल के निजी अस्पतालों को सडक दुर्घटना में घायल लोगों का निर्धारित नियमों के अनुसार ईलाज करना होगा। इन आदेशों और नियमों की अवहेलना करते हुए कुरुक्षेत्र के कुछ निजी अस्पताल घायलों का ईलाज नहीं कर रहे। ऐसे अस्पतालों पर अब सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए पुलिस और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त आदेश भी दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए विभाग के निरीक्षक जोगिन्द्र ने एजेंडे को हाउस के समक्ष रखा और विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट को भी हाउस के समक्ष रखा। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में बनने वाले स्पीड ब्रेकरों की मौके पर निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट तैयार करे ताकि रिपोर्ट के अनुसार सडक दुर्घटना को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकरों का निर्माण किया जा सके। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा बनाए गए स्पीड ब्रेकरों की रिपोर्ट भी तैयार की जाए। उन्होंने एनएएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएच-44 पिपली चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द किया जाए। इसके साथ ही एनएएचआई के अधिकारी शाहबाद पिपली के सर्विस रोड पर पानी निकासी के प्रबंधों को भी दुरूस्त करेंगे। उपायुक्त ने लघु सचिवालय से पानी निकासी करने के सख्त आदेश देते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौके का जायजा ले। उन्होंने रोड सेफ्टी से सम्बन्धित अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरे करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरे किए जाए। इस मौके पर एडीसी महावीर प्रसाद, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, नगराधीश डा. रमन गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। गलत साइड में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएच-44 या अन्य मार्गों पर रांग साईड वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इन वाहन चालकों का चालान करने के लिए पुलिस को आदेश दिए गए है।

इसके साथ ही एनएच-44 व अन्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिए है ताकि गलत साईड से आने वाले वाहनों पर शिकंजा कसा जा सके।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **प्रवीण पुत्र:** मनोहर लाल पता: सी–2/61, नंद नगरी दिल्ली, ने **FIR No. 363/2008 U/s 325/34 IPC थाना: नंद नगरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीण,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीण,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 363/2008 U/s 325/34 IPC थाना: नंद नगरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रवीण,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/8284/NE/2025
(Court Matter)



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **(1) रमनदीप कोहली पुत्र श्री गुरबक्स कोहली निवासी 812, सैक्टर–38ए, चंडीगढ़ (यूटी) (2) जवाहर अरोड़ा उर्फ राजू पुत्र स्व. श्री हंसराज निवासी 11/340, डीडीए फ्लैट, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 76/2003 अन्तर्गत धारा 406/468/471/409/420/473/474/120बी आईपीसी दिनांक 19.09.2003 के तहत थाना स्पेशल सैल, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया हैं) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण **(1) रमनदीप कोहली (2) जवाहर अरोड़ा उर्फ राजू** मिल नहीं रहे हैं और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण **(1) रमनदीप कोहली (2) जवाहर अरोड़ा उर्फ राजू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 76/2003 अन्तर्गत धारा 406/468/471/409/420/473/474/120बी आईपीसी दिनांक 19.09.2003 के तहत थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्तगण **(1) रमनदीप कोहली (2) जवाहर अरोड़ा उर्फ राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**अनुज कुमार सिंह**
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
26, भू–तल, एनेक्स बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/8197/Spl.Cell/2025
(Court Matter)



### नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की **www.noidaauthorityonline.in** एवं **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

(अ).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु० लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 04/निदे०(उ०)/उ०निदे०(उ०)-I/2025-26, सैक्टर-15ए के समानान्तर मुख्य मार्ग के साथ–साथ सौन्दर्यकरण हेतु मिट्टी डालने का कार्य। | 28.79 |
| 2 | 81/निदे०(उ०)/उ०निदे०(उ०)-II/2024-25, पार्क अनुरक्षण (सैक्टर-29 में स्थित शहीद स्मारक पार्क में फुटपाथ, मुख्य गेट एवं बैन्च प्लेटफार्म की मरम्मत का कार्य। | 18.37 |

जिन्हें दिनाँक **02.07.2025** को **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनाँक **03.07.2025** को **प्रातः 11.00** बजे खोली जायेगी।

(ब).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु० लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 21/निदे०(उ०)/उ०निदे०(उ०)-III/2025-26, सैक्टर-82 में स्थित मधुबन के पार्क में फुटपाथ की मरम्मत का कार्य। | 21.03 |

जिन्हें दिनाँक **10.07.2025** को **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनाँक **11.07.2025** को **प्रातः 11.00** बजे खोली जायेगी।

कार्यालय:
सेक्टर-39

निदेशक (उद्यान)
नौएडा।

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 16/ईटी/2025–26 दिनांक: 19.06.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03251315 | डक्टिंग आरेंजमेंट फॉर एलएचबी टाइप पावर कार | 158 सेट | 15/07/2025 |
| 02 | 03251418 | लावोटरी पैन ओरिंट टाइप फॉर एलएचबी कोचेज | 2545 नग | 17/07/2025 |
| 03 | 07251388 | साइड रोल | 52 नग | 17/07/2025 |
| | | सेन्टेरिंग रोलर | 53 नग | |
| | | गाइड रोलर | 63 नग | |
| 04 | 11251117 | ब्रेकट कम्पलीट | 4756 नग | 15/07/2025 |
| 05 | 05251082 | 9 के. वीए 750वी./415वी./ 190 वी एसी. 3 फेस डीआरवाई टाईप डिस्ट्रिब्यूश्न ट्रासफारमर | 1166 सेट | 30/07/2025 |
| 06 | 05251078 | 110 वी, 120 एएच वीआरएलए एस एमएफ बैट्री सेट विद 19 मोनोब्लाक (6वी ईच) | 1317 सेट | 30/07/2025 |
| 07 | 03251405 | फिक्सिंग अरेंजमेंट ऑफ वाटर टैंक फ्लैप फॉर एलएचबी कोचेज | 2022 नग | 15/07/2025 |
| 08 | 11241430 | इंड वाल फॉर एलएचबी डीएसएलआर पैक फीटेड एलांगविद सटर कम्प्लीट | 128 नग | 30/07/2025 |
| 09 | 05251091 | एलईडी टाईप लाईट फीटिंग फॉर केबिन एंड कोरीडोर एरिया ऑफ नॉन एसी कोचेज | 35385 नग | 12/08/2025 |
| 10 | 05251090 | सप्लाई, टेस्टिंग एंड कमीशिनिंग (इनकोलूडिंग आल कनेक्सन एंड ड्रेसिंग विदाउट लोडिंग), स्विच बोर्ड कैबिनेट फॉर एलएचबी इओजी / एचओजी एलएसएलआरडी कोचेज | 134 सेट | 16/07/2025 |
| 11 | 05251089 | सप्लाई, टेस्टिंग एंड कमीशिनिंग (इनकोलूडिंग आल कनेक्सन एंड ड्रेसिंग विदाउट लोडिंग), स्विच बोर्ड कैबिनेट फॉर एलएचबी पावर कार | 126 नग | 06/08/2025 |
| 12 | 05251081 | ब्रुशलेशस डीसी फैन 110वी, डीसी 400 एमएम स्वीप फीक्सिड टाईप | 40755 नग | 16/07/2025 |
| 13 | 07251383 | किम्पिंग टूल एवब 11 (पीडी–एफ डब्लूपी 0023) | 27 नग | 31/07/2025 |
| | | किम्पिंग टूल बिलो 11 (पीडी. एफ डब्लूपी–00029) | 27 नग | |
| 14 | 12241308ए | ट्रैक्शन लीवर | 4944 नग | 15/07/2025 |
| 15 | 03251339 | सेट ऑफ एफआरपी रूफ पैनलस फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज (31–सीटर) | 188 सेट | 18/07/2025 |
| | | सेट आर्फ एफआरपी मिडिल पैनलस फॉर रूफ सीलिंग फॉर एलडब्लूएस सीजेड कोचेज | 200 सेट | |
| | | सेट ऑफ एफआरपी साइड वाल पैनलस फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज (31–सीटर) | 188 सेट | |
| 16 | 03251472 | एल. स्ट्रैक्शन लेन्थ = 1.8 एम | 38950 किग्रा | 11/07/2025 |
| 17 | 07251486 | फायर रिटार्डेट रबर बेस्ड अधेशिव फॉर पास्टिंग ऑफ पीबीसी विद प्लाईवुड / एल्यूमिनियम / स्टेनलेश स्टील इन फॉम ऑफ सेटस ऑफ 25 लीटर (वन सेट कम्प्रेसेस ऑफ वन 20 लीटर पैकिंग एण्ड वन 5 लीटर पैकिंग) | 69998 लीटर | 11/07/2025 |
| 18 | 07251483 | सप्लाई एण्ड चार्जिंग ऑफ डीआरडी ओ एनारोबिक बैक्टेरिया इन कोच टॉयलेट | 1067200 लीटर | 15/07/2025 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक: 29.05.2025 | टेन्डर न०. 03251302 | निविदा खुलने की तिथि 19/06/2025 स्थान पर तिथि 07/07/2025 पढ़ें |
| 02 | 14/ईटी/2025–26 दिनांक: 13.06.2025 | टेन्डर न०. 04251019 | निविदा खुलने की तिथि 20/06/2025 स्थान पर तिथि 26/06/2025 पढ़ें |

Website Address: **www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी

**ई–निविदा सूचना सं० 14/2025–26 (खुली)/ उमुई II/एम/एमसीएफ /आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर II/एम/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है।
**क्रम सं: 1 कार्य का नाम:** 240 पुराने टाईप III आवासों में अतिरिक्त शौचालय के निर्माण का कार्य। **निविदा सं०:** 16/2024–25–RT–2 **अनुमानित लागत रू:** 3,71,55,817.49 **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2025 **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह
- निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा।
- आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर–II

**ई–निविदा सूचना सं० 13/2025–26 (खुली)/उमुई II/ एम/ एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर–II/एम/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।
**क्रम सं: 1 कार्य का नाम:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के आवासीय परिसर के पश्चिम कॉलोनी में बागवानी विकास और रखरखाव कार्य 02 वर्षो के लिए। **निविदा सं०:** 16–2025–26 **अनुमानित लागत रू०:** 2,00,03,738.42 **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2025 **कार्य समापन की अवधि:** 24 माह
- निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
- आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर–II

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02251425 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफिएर कॉम रेंगुलेटिंग यूनिट | 63 नग | 21.07.2025 |
| 02 | 07251024A | हाई कैपेसिटी थर्मोप्लास्टिक पॉलिएस्टर | 27535 नग | 23.07.2025 |
| 03 | 07243447A | लेटरल बम्प स्टॉप फॉर फिएट | 6472 नग | 23.07.2025 |
| 04 | 02255047 | रूफ माउंटेड ए सी पैकेज | 5 सेट | 23.07.2025 |
| 05 | 77259030 RGC | थिक वेब स्विच | 2485 सेट | 23.07.2025 |
| 06 | 19254277 | आयल कूलर रेडियेटर | 33 नग | 28.07.2025 |
| 07 | 07240250A | रबर पैड/मेटल शिम | 7039 नग | 28.07.2025 |
| 08 | 01251815 | कम्पोजिट ब्रैकेट इंसुलेटर (सी डी 1050 एमएम) | 4920 नग | 28.07.2025 |
| 09 | 07251530 | एयर ब्रेक होज कपलिंग फॉर फीड | 32310 नग | 12.08.2025 |
| 10 | 07251585 | नॉन एस्बेस्टस बेस्ड के टाइप | 271588 नग | 13.08.2025 |
| 11 | 09252199 | स्लैक एडजस्टर कम्पलीट | 892 नग | 27.10.2025 |

**निविदा शर्तें 1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 25/2025-2026 दिनांक : 25.06.2025 1909/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 25/30 दिनांक: 24.06.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई. एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38253234 | बोगी सेंटर पीवोट टॉप फॉर एल डब्लू एल एच 25 बोगी | 1454 नग | 15.07.2025 |
| 2 | 30252230 | एक्सल बॉक्स हाउसिंग | 1765 नग | 22.07.2025 |
| 3 | 38251246 | कपलर बॉडी फॉर ट्रांजिसन सीबीसी | 260 नग | 29.07.2025 |
| 4 | 30242878A | फ्लेक्स बाल केबल लांग | 158 Nos. | 15.07.2025 |
| 5 | 38252623 | योक | 7473 Nos. | 17.07.2025 |
| 6 | 38252115 | वूडेन पैकिंग कम वूडेन क्लैम्प फॉर 32 एम एम पाईप | 51153 Set | 18.07.2025 |
| 7 | 20252200 | कम्यूटेटर असेंबली [कम्पलीट] | 34 नग | 15.07.2025 |
| 8 | 20253667 | 500ए, 750वी जेड एस कपलिंग (सॉकेट) विद लॉकिंग अरेंजमेंट | 100 नग | 21.07.2025 |
| 9 | 20251399 | सेट ऑफ़ मेटालाइज्ड कार्बन स्ट्रिप | 311 सेट | 22.07.2025 |
| 10 | 40251153 | लो मेंटेनेंस लेड एसिड बैटरीज 110 वी, 75 ए एच सी | 56 सेट | 04.08.2025 |
| 11 | 20253657 | रोटर बार फॉर स्कीम-1 रोटर | 7289 नग | 08.08.2025 |
| 12 | 20252101A | गियर केस असेंबली | 380 नग | 12.08.2025 |
| 13 | 40251223 | सिलिकॉन रबर कम्पाउण्ड | 10014 नग | 12.08.2025 |
| 14 | 10253110A | लोको साईड बफर असेम्बली | 199 नग | 14.08.2025 |
| 15 | 20253620 | सेट ऑफ सिलैंड्रिकल रोलर बीयरिंग | 86 सेट | 18.08.2025 |

**नोट:** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1093/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**सोनीपत :** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित कमरे में संदिग्ध हालत में बुजुर्ग ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

जानकारी मिली है कि बुजुर्ग आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते परेशान था। उत्तर प्रदेश हाल में प्याऊ मनियारी निवासी अमन ने बताया कि उसका पिता तेज सिंह (51) मेहनत–मजदूरी का काम करता था। उसके पिता काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। हाल में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते वह परेशान ज्यादा रहने लगे। उन्होंने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कमरे के अंदर फंदे पर लटका देखकर मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मै** जो कि तहसीम पुत्र यामीन निवासी 87, बबेल रोड वार्ड नंबर 6 रामनगर पानीपतजिला पानीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका जावेद व उसकी पत्नी तरन्नुम मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें।

# आपातकाल पर प्रदर्शनी, सीएम रेखा गुप्ता और खट्टर ने किया उद्घाटन

- रातों-रात आपातकाल थोपकर कांग्रेस ने यह साबित कर दिया कि उसके लिए सत्ता सर्वोपरि है, लोकतंत्र और संविधान नहीं।
- जब 1975 में सत्ता के लोभ में कांग्रेस सरकार ने संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की निर्ममता से हत्या की थी।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संयुक्त रूप से बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, सांसद बांसुरी स्वराज और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। आज ही के दिन सन 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा कि रातों-रात आपातकाल थोपकर कांग्रेस ने यह साबित कर दिया कि उसके लिए सत्ता सर्वोपरि है, लोकतंत्र और संविधान नहीं। कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि किस प्रकार हमारे संविधान की भावना का सरेआम हनन किया गया था।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में अडिग होकर खड़े रहेंगे, ताकि ऐसी तानाशाही की पुनरावृत्ति कभी न हो सके।
इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह प्रदर्शनी उस काले अध्याय की सजीव स्मृति है, जब 1975 में सत्ता के लोभ में कांग्रेस सरकार ने संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की निर्ममता से हत्या की थी। उन्होंने कहा कि आज संविधान हत्या दिवस पर हम उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को कृतज्ञता और श्रद्धा के साथ नमन करते हैं, जिन्होंने जेलों की यातना सहकर, नागरिक स्वतंत्रताओं के हनन के विरुद्ध आवाज उठाकर और अपने जीवन को जोखिम में डालकर लोकतंत्र की लौ को बुझने नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं था, वह भारत की आत्मा की रक्षा का संग्राम था। और यही कारण है कि देश की जनता ने कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को नकारते हुए, लोकतंत्र की पुनः स्थापना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल इतिहास का पुनर्स्मरण है, बल्कि लोकतंत्र पर हमला करने वाली मानसिकता के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत का लोकतंत्र हमारी आस्था है, और जब भी उस पर कोई संकट आएगा, देश की जनता एकजुट होकर उसकी रक्षा करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आज की नई पीढ़ी को यह बताना है कि वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान कांग्रेसियों ने देश में किस प्रकार का दमन किया, कैसे जनता की आवाज को दबाया गया और लोकतंत्र को सत्ता के मद में चूर कांग्रेसियों ने किस तरह बेरहमी से कुचल दिया।



## दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन को मिली स्वीकृति : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार ने राजधानी के व्यापारियों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड न केवल व्यापारियों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करेगा, बल्कि दिल्ली को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और निवेश के लिए देश की सबसे अनुकूल राजधानी बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड के माध्यम से छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों तक सभी की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य, बीमा, वित्तीय सहायता और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ व्यवस्थित ढंग से व्यापारियों तक पहुंचेगा और व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा इस मौके पर उद्योग मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

## गोल्डन लाइनः 1550 मीटर लंबी दूसरी सुरंग का निर्माण पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने फेज चार में निमार्णाधीन गोल्डन लाइन (एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर) पर भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर के लिए 1550 मीटर लंबी दूसरी सुरंग का निर्माण पूरा कर लिया है। गोल्डन लाइन पर निमार्णाधीन किशनगढ़ और वसंत कुंज के बीच इस सुरंग का निर्माण किया गया है। इसके तहत बुधवार को 96 मीटर लंबी टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) इस सुरंग खोदाई का काम पूरा करके बाहर निकली।
गोल्डन लाइन की कुल लंबाई 23.62 किलोमीटर होगी। इसका 19.34 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत और 4.28 किलोमीटर का एलिवेटेड होगा।
डीएमआरसी ने अगले वर्ष तक इस कारिडोर के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में गोल्डन लाइन पर अप लाइन और डाउन लाइन पर आवाजाही के लिए दो समानांतर गोलाकार सुरंगों का निर्माण किया गया है।

## कांवड़ यात्रा के लिए की लूटपाट, तीन लुटेर चढ़े पुलिस के हत्थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने एक आइसक्रीम पार्लर में हुई लूट की वारदात में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। वारदात के दौरान लूटा गया आई फोन, नकदी, वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि यह घटना 19 जून की रात लगभग 11 बजे की है, जब त्रिनगर स्थित तालाब रोड पर रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र मुक्ता सिंह अपनी दुकान 'मुकुट कुल्फी वाले' को बंद कर रहे थे। उसी दौरान दो युवक कैप और मास्क पहने हुए दुकान में घुस आए। एक ने चाकू दिखाकर उन्हें धमकाया और जबरन बैठा दिया। दूसरे युवक ने दुकान के गल्ले से करीब 43,000 की नकदी, फ्रिज से कुछ कुल्फियां और एक आई फोन 11 लूट लिया। वारदात के बाद दोनों



लुटेरे बाहर खड़ी एक काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीसरे साथी के साथ फरार हो गए। इस वारदात को लेकर थाना केशवपुरम थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की और अपराधियों के भागने के रास्ते को ट्रेस किया।
स्थानीय सूचना तंत्र सक्रिय किया गया और लगातार प्रयासों के बाद तीनों आरोपितों की पहचान कर रामपुरा अंडरपास के पास जाल बिछाकर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपितों ने कबूल किया कि उनका मकसद हरिद्वार कांवड़ यात्रा के लिए खर्च जुटाना था। लेकिन लूट में उम्मीद से कम पैसा मिला। कांवड़ यात्रा का प्लान छोड़ दिया गया और जो नकदी मिली, वह क्लबों और मौज-मस्ती में खर्च कर दी गई।

## फैक्ट्री में भीषण आग, चार लोगों के शव हुए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के बुध विहार थाना क्षेत्र के राणा कॉम्प्लेक्स, गेट नंबर-2 रिठाला स्थित एक फैक्ट्री में मंगलवार शाम आग लग गई। घटना की सूचना डीडी नंबर 81ए के तहत शाम 7:29 बजे पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके अलावा दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी के अनुसार चार मंजिला इस इमारत में ग्राउंड और पहली मंजिल पर रेडीमेड बैग और प्लास्टिक बैग बनाए जाते हैं। यह फैक्ट्री सुरेश बंसल की है। जिसे उनका बेटा नितिन बंसल संचालित कर रहा था। दूसरी मंजिल आनंद नामक व्यक्ति को किराये पर दी गई है, जो वहां फैब्रिक का काम करता है। तीसरी और चौथी



(टॉप) मंजिल राकेश अरोड़ा (69) को किराए पर दी गई हैं। जहां डिस्पोजल आर्टिकल्स का गोदाम और निर्माण कार्य होता है। घटना में चार लोगों की मौत हो गई। आग लगते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। देर रात को पुलिस ने तीन शवों को बाहर निकाला। तीनों बुरी तरह झुलसी हालत में थे। तीनों की पहचान नितिन बंसल (मालिक का बेटा 31) राकेश (कर्मचारी 30) विरेंद्र (कर्मचारी 25) को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां नितिन और राकेश 80 प्रतिशत झुलसे हुए थे उन्हें पहले डॉ. बीएसए अस्पताल ले जाया गया। फिर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आरएमएल अस्पताल रेफर कर दिया गया। विरेंद्र को मामूली चोटें आईं। रात 1:15 बजे दमकलकर्मियों ने पहली मंजिल से तीन जले हुए शव बरामद किए, जिनकी पहचान नहीं हो सकी। उसके बाद सुबह 8.40 बजे चौथा शव निकाला गया। दमकल विभाग की 24 गाड़ियां लगातार आग बुझाने में जुटी रहीं। सुबह 6 बजे तक ग्राउंड, पहली और दूसरी मंजिल पर आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन तीसरी और चौथी मंजिल पर आग बुझाने का कार्य जारी था। भारी धुएं के कारण पूरी इमारत की गहन तलाशी अभी बाकी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और संबंधित विभागों को सूचित कर दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।




# समस्याओं को लेकर आढ़ती एसोसिएशन ने सीएम सैनी को सौंपा मांगपत्र





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के नव चयनित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को सोनीपत के मेयर एवं उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रिय उपाध्यक्ष राजीव जैन की अगुवाई में 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करवाने का आग्रह किया ताकि कई माह से लंबित समस्याओं का समाधान हो सके। आढ़तियों ने व्यापारियों को आये दिन मिल रही गुंडा तत्वों की धमकियों से छुटकारा दिलवाने की मांग भी रखी। एसोसिएशन के नव चयनित प्रधान रामावतार तायल ने पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री का पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा मांगों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मांगों को ध्यान से सुनकर आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आढ़तियों एवं अधिकारियों की बैठक करवाकर समस्या का समाधान करवाया जायेगा। प्रधान तायल ने बताया कि मांगों में गेंहू एवं धान की आढ़त बढ़ाने के लिए धन्यवाद करते हुए सरसों, कपास, बाजरा, सूरजमुखी एवं अन्य फसलों की आढ़त ढाई प्रतिशत करने एवं सभी फसलें आढ़तियों के माध्यम से खरीदने की मांग रखी। अन्य मांगों में आढ़ती लाइसेंस हर वर्ष की बजाये लाइफ टाइम रिन्यू करने, २'ङ्गल्ल पर गेंहू खरीद की आढ़त भी ढाई प्रतिशत करने, गेंहू की खरीद में गर्मी की अधिकता के कारण शार्टेज के एवज में बारह करोड़ की राशि का भुगतान करने, गेंहू की उतराई की मजदूरी एवं सफाई की राशि का प्रावधान करने, बूथ लाइसेंस हर वर्ष रिन्यू करने के आदेश पर दोबारा विचार करने, मार्किट फीस एवं सेस की दर अन्य राज्यों के साथ मिलान करके तर्क संगत की जाये, पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी जी एस टी रजिस्ट्रेशन खत्म करने, दूसरे राज्य में किसानों को भी हरियाणा में एम एस पी पर फसल बेचने की अनुमति दी जाये। इसके अतिरिक्त जिन दुकानदारों के पास कन्वेंस डीड, नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट, कंप्लीशन सेर्टिफिकेट है उनके टाइम एक्सटेंसन के नोटिस रद्द करने चाहिए, आढ़ती द्वारा किसान को दी जाने वाली अग्रिम राशि सुरक्षित करने, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट पोर्टल में सुधर करने की भी मांग रखी।
प्रतिनिधिमंडल में हर्ष गिरधर, रजनीश चौधरी, गौरव तेवतिया, स्वर्णजीत सिंह कालरा, चौधरी धर्मवीर मलिक, बनारसी दास, शिव कुमार संधाला, अश्वनी शोरेवाला, जगमाल सिंह, मुनीश कम्बोज एवं श्याम बहादुर खुरानिया उपस्थित रहे।

# झज्जर:आपातकालीन पीड़ितों को 50 वर्ष पूरे होने पर किया सम्मानित



**झज्जर।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को संविधान हत्या दिवस के अंतर्गत बहादुरगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताया। इस मौके पर आपातकालीन पीड़ितों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, बल्कि भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी कुचल डाला था। उस समय लाखों लोगों को सिर्फ इसलिए जेलों में बंद कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी। आपातकाल एक ऐसा दौर था जब भारत माता की जय कहना गुनाह समझा जाता था और एक परिवार को ही देश का मालिक बताया जाता था। बल्कि युवा पीढ़ी को सच से भी अवगत कराना है कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए कैसे लाखों लोगों ने अहंकारी सत्ता की असहनीय पीड़ा झेली। कैबिनेट मंत्री श्री पंवार ने कहा कि कांग्रेस के लोग आज संविधान बचाने की बात करते हैं, जबकि इतिहास गवाह है कि 1975 में संविधान की हत्या उन्होंने ही की थी। कार्यक्रम में मंत्री पवार ने लोकतंत्र के सेनानियों और परिजनों को सम्मानित किया। मनोहरलाल गांधी के पुत्र यशपाल गांधी, राम लाल हितैषी के पुत्र डॉ. रवींद्र हितैषी, चौ. उदय सिंह दलाल के पुत्र जय सिंह दलाल, राम लाल के पुत्र तरुण मदान, ईश्वरदास के पुत्र करण एलावाधी, लला ओंकार प्रसाद सिंघल के पुत्र कृष्ण सिंहल, मोतीलाल के पुत्र प्रवीण, सत्यप्रकाश शर्मा के पुत्र नरेश शर्मा, निर्मल सिंह उर्फ श्रवण कुमार, दीपा, धर्मबीर, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वत्स दुजाना को सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### 9 जुलाई की आम हड़ताल का वामपंथी पार्टियों ने किया समर्थन

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** : पांच वामपंथी पार्टियों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले लिबरेशन), ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लॉक, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने 9 जुलाई, 2025 को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आह्वान की गई देशव्यापी आम हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। हरियाणा में तीनों वामपंथी पार्टियों सीपीआई, सी पी आई (एम) व सी पी आई माले-लिबरेशन के नेताओं कामरेड दरियाव सिंह कश्यप, कामरेड प्रेम चंद व प्रेम सिंह गहलोत ने आज यहाँ प्रेस के नाम एक संयुक्त बयान जारी किया' बयान में उन्होंने कहा कि 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनें (सीटीयू) और विभिन्न क्षेत्रों के स्वतंत्र अखिल भारतीय महासंघ और संघ शामिल हैं। आम हड़ताल का आह्वान मुख्य रूप से श्रम संहिताओं को लागू किए जाने के खिलाफ किया गया है, जो कॉर्पोरेट एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जिनका उद्देश्य श्रमिकों के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों को गंभीर रूप से कम करना है। इसमें संगठित होने और सामूहिक कार्रवाई करने का उनका अधिकार भी शामिल है। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार, जो अब अपने तीसरे कार्यकाल में है, अपने नवउदारवादी एजेंडे को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रही है, जिनमें एक केंद्रीय मुख्य मुद्दा श्रम संहिताएँ हैं। यह सरकार आक्रामक तरीके से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संसाधनों, खासकर रक्षा और संचार जैसे रणनीतिक क्षेत्रों, के निजीकरण की ओर बढ़ रही है। यह इन मजदूर विरोधी नीतियों के सभी विरोध को दबाने की कोशिश भी कर रही है। 9 जुलाई की आम हड़ताल ट्रेड यूनियनों द्वारा उठाई गई मांगों को दोहराती है, जो किसानों, खेत मजदूरों और व्यापक जनता की चिंताओं को भी दर्शाती है। संयुक्त किसान मोर्चा, कृषि मजदूर संगठनों ने भी आम हड़ताल को अपना समर्थन दिया है और इस दिन बड़े पैमाने पर लामबंदी का आह्वान किया है। आम हड़ताल, किसानों द्वारा की गई इन एकजुटता कार्रवाइयों के साथ, उन्हें विभाजित करने और नफरत फैलाने के प्रयासों के खिलाफ मेहनतकश लोगों की एकता को मजबूत करने में मदद करेगी। वामपंथी पार्टियाँ लोगों से आम हड़ताल का समर्थन करने का आह्वान करती हैं और अपनी सभी इकाइयों से आग्रह करती हैं कि वे इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से अभियान चलाएँ और बड़ी संख्या में जनता को लामबंद हों।

### हरियाणा सरकार ने 13 जिला राजस्व अधिकारी बदले

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 13 जिला राजस्व अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। कथित भ्रष्ट कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक होने और रजिस्ट्री के नियमों की अनदेखी के आरोपों से घिरा राजस्व विभाग ने यह कदम उठाया है। विभाग ने भ्रष्टाचार मामले में पानीपत के डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया सहित 27 लोगों के खिखाफ फतेहाबाद में केस दर्ज कराया है। दरअसल, राजस्व विभाग में बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी ऐसे हैं जिनके विरूद्ध विभागीय जांच चल रही है। हरियाणा सरकार ने बुधवार को विभाग के 13 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए हैं। इन आदेशों के अनुसार रोहतक के जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा को पानीपत, झज्जर के डीआरओ प्रमोद चहल को रोहतक, फरीदाबाद के डीआरओ सुशील शर्मा को भिवानी, गुरुग्राम म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से मनबीर को झज्जर, हिसार के डीआरओ विजय कुमार को गुरुग्राम, अंबाला के डीआरओ विकास को फरीदाबाद, राजेश ख्यालिया को अंबाला, स्टेशन का इंतजार कर रहे डीआरओ नरेश को हिसार ट्रांसफर किया है। इसी प्रकार नूंह के डीआरओ जोगिंद्र शर्मा को अर्बन लोकल बॉडी पंचकूला, एचईपीसी से डीआरओ हर्ष खनगवाल को डायरेक्टर कंसोलिडेटेशन पंचकूला, अर्बन एस्टेट फरीदाबाद से डीआरओ बिजेंद्र राणा को एसओ जुई कैनाल भिवानी, फतेहाबाद के डीआरओ श्यामलाल को गुरुग्राम म्यूनिसिपल ऑफिस और पानीपत के डीआरओ रणविजय सुलतानिया को नूंह भेजा गया है। विभाग ने भ्रष्टाचार केस में फंसे रणविजय सिंह सुल्तानिया सहित 27 लोगों पर किसानों की मुआवजा राशि में गोलमाल करने के आरोप में फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया है। इस केस में रणविजय के अलावा नायब तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो को भी मुख्य आरोपी बनाया गया है। रणविजय सुल्तानिया वर्तमान में पानीपत में तैनात थे, उनके पास सोनीपत का भी अतिरिक्त कार्यभार है। अब नूंह भेजा गया है।

# कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए संविधान की मूल भावना को कुचलाः डा. अर्चना गुप्ता

**आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, नागेंद्र शर्मा और गोविंद भारद्वाज ने गोष्ठी को संबोधित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ /सोहना।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर संविधान और लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया और प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा दिया। डा. अर्चना गुप्ता बुधवार को सोहना स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रही थी। डा. गुप्ता ने पत्रकारवार्ता कर सवालों के जवाब भी दिए और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। डा. गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को किस प्रकार कुचला गया, संविधान की भावना को सत्ता सुख के लिए किस प्रकार से रौंदा गया था, यह पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होनी चाहिए। आपातकाल हुई गोष्ठी की अध्यक्षता गुरुग्राम ग्रामीण जिला अध्यक्ष अजीत यादव ने की। गोष्ठी को गोविंद भारद्वाज और नागेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को सम्मानित भी किया गया। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की आधी रात को आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया। इंदिरा गांधी ने यह घातक निर्णय सत्ता बचाने की हताशा में लिया था। उन्होंने कहा हिक आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी कांग्रेस की तानाशाही वाली है। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मार्च 1971 में लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बावजूद इंदिरा गांधी की वैधानिकता को चुनौती मिली। इंदिरा गांधी के विपक्षी उम्मीदवार राज नारायण ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनाव को भ्रष्ट आचरण और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आधार पर चुनौती दी। 12 जून 1975 को कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य करार दिया। उन्होंने कहा कि तब इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को 'आंतरिक अशांति' का हवाला देकर राष्ट्रपति से आपातकाल लगवा दिया। रातोंरात प्रेस की बिजली काटी गई, नेताओं को बंदी बनाया डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया था। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थीं, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का यही हाल है। कांग्रेस शासित राज्यों में विरोध का दमन, धार्मिक तुष्टीकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है यह सब आपातकालीन सोच की ही उपज है।

# अमावस्या दिवस के अवसर किया वृश्रारोपण, लगाए कई पौधेः नफे सिंह



**सोनीपतः** सेक्टर 12 हरित पट्टी में नफे सिंह पूर्व मुख्याध्यापक व दिलबाग सिंह प्राध्यापक स्टेट अवॉर्डी ने 6 पौधे लगाए। दिलबाग सिंह बताया कि धरा को हरा भरा बनाने के लिए पर्यावरण मित्र समय-समय पौधे लगाते रहते हैं पौधे लगाने का मकसद यह होना चाहिए कि जब तक पेड़ न बन जाए तब तक उनकी सुरक्षा व देखभाल करनी चाहिए ।व्यक्ति को उतने ही पौधे लगाने चाहिए जिससे कि वह देखभाल व सुरक्षा कर सके। संदीप भारद्वाज ने संदेश दिया है कि कभी भी पौधों को, कूपल को कच्चे फल को, टहनी को न तोड़े आदि। नफे सिंह भारद्वाज ने बताया कि पौधों का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व होता है पौधों से हमें वायु, लकड़ी फल, औषधि प्राप्त होती है। सभी ने अपने नाम का पौधा लगाना चाहिए जिससे कि व्यक्ति में अपने पौधे को पेड़ बनाने तक की रुचि उत्पन्न होगी।

## हरियाणा पुलिस को मिलेंगे 783 नए सिपाही

**गुरुग्राम।** पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र भौंडसी में आगामी 28 जून को 783 रिक्रूट सिपाहियों की पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इनमें 519 पुरुष एवं 264 महिला सिपाही शामिल हैं। पासिंग आउट परेड के साथ ही हरियाणा पुलिस को ये 783 महिला, पुरुष सिपाही मिल जाएंगे। इस दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के गृह सचिव, गोविन्द मोहन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आरटीसी भौंडसी के महानिरीक्षक बी. सतीश बालन ने बुधवार को बताया कि सभी रिक्रूट सिपाही परेड के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इन सिपाहियों को प्रशिक्षण के दौरान कानून, भीड़ प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

# कांग्रेस स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी : बड़ौली




**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/चंडीगढ़।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर बुधवार को भाजपा ने प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को आपातकाल के काले दौर की याद दिलाई और जिला स्तर पर हुए कार्यक्रमों में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय ''पंचकमल'' में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताया और कहा कि कांग्रेस आज भी स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर न केवल संविधान को कुचला बल्कि प्रेस की आजादी और नागरिकों के अधिकारों को बंधक बनाया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब-जब संकट में होती है तब-तब संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। उन्होंनें कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। कांग्रेस ने तरीकों को बदला है, कांग्रेस की नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। उन्होंने कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होना जरूरी है। श्री बड़ौली ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को चुनावी कदाचार और चुनावी भ्रष्टाचार का दोषी पाया और इंदिरा गांधी की सदस्यता को रद्द कर दिया था।

# डॉक्टरों की कमी को किया जा रहा है पूराः आरती



**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता दिवंगत परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने बुधवार को सिंधु भवन पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की सबसे बड़ी देन यही है कि उनके परिवार में 90 से अधिक सदस्य होने के बावजूद भी सिंधु परिवार एक छत के नीचे रह रहा है तथा परिवार की सांझा रसोई चल रही है। दिवंगत परमेश्वरी देवी ने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए। आज भी यह परिवार संयुक्त परिवार के रूप में एकजुटता से रह रहा है। यह इस परिवार की बहुत बड़ी विरासत है। उन्होंने आशा व्यक्त की सिंधु परिवार भविष्य में भी इस विरासत को कायम रखेगा। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीजीआई के साथ-साथ सभी सिविल अस्पतालों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाने के प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी पूरी की जा रही है तथा दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है।
उन्होंने प्रदेश में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है।

# सांसद नवीन जिन्दल युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए हैं प्रयासरतः डॉ. मनीष



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैनः** महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में दाखिले को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के साथ हरियाणा सरकार का एमओयू साइन होने के बाद आसपास के दर्जनों गांवों के लिए ये सुनहरा अवसर आया है। 27 जून से पहले अपना आवेदन जमा करने के लिए युवा खूब उत्सुक नजर आ रहे हैं। इनकी मदद के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम गांव- गांव जाकर युवाओं और बेटियों से संपर्क साध रही है ताकि कौशल भारत-कुशल भारत अभियान को गति दी जा सके। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से जानकारी देते हुए डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रयासरत हैं। आईटीआई में युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स के प्रशिक्षण के साथ-साथ वे सभी मूलभूत सुविधाएं भी मिलें जो एक शैक्षणिक संस्थान परिसर में होने के लिए आवश्यक है।

# विश्व गुरु बनने के लिए शोध में गुणवत्ता जरूरीः प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 23-24 जून, 2025 को कुलपतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा परिसर में आयोजित हुआ जिसमें देशभर के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों, नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा किया गया, जबकि समापन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय भविष्य की उच्च शिक्षा की परिकल्पनाः भारत की केंद्रीय भूमिका थी। सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित विशेष सत्र उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ावा देना में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि यदि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति और विश्व गुरु बनना है, तो केवल शोध की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता, प्रासंगिकता और वैश्विक मान्यता प्राप्त शोध में निवेश करना होगा। भारत में 1100 से अधिक विश्वविद्यालय और 43,000 कॉलेज होने के बावजूद शोध की गुणवत्ता, वैश्विक उद्धरणों और प्रभाव के स्तर पर भारत की स्थिति अभी भी अपेक्षित नहीं है। अब समय आ गया है जब भारत के विश्वविद्यालय विचारों की प्रयोगशालाएं, नवाचार की नर्सरी और सामाजिक परिवर्तन के केंद्र बने। उन्होंने कहा कि रिसर्च को सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शैक्षणिक मिशन के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने रिसर्च शब्द का विस्तृत अर्थ बताया।कि अनुसंधान निधि में वृद्धि, अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाना, कौशल और प्रशिक्षण को मजबूत करना, उद्योग संबंधों को प्रोत्साहित करना, गुणवत्ता का मूल्यांकन करना, मात्रा नहीं, नवाचार और पेटेंट को पुरस्कृत करना, वैश्विक स्तर पर सहयोग करना है।
सम्मेलन में यह प्रश्न उठाए गए कि क्या भारत में हो रहा शोध राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं का समाधान कर पा रहा है, क्या इससे नीति निर्माण, नवाचार या सामाजिक बदलाव संभव हो पा रहा है, और क्या हमारी संस्थाएं जिज्ञासा और प्रयोग को प्रोत्साहित करने वाली संस्कृति विकसित कर पा रही है।

# संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिलः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

निशाना

अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति पूरी करने के लिए आम जनता पर किए गए अत्याचारः मुख्यमंत्री



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है और वे संविधान को बचाने की दुहाई देते हैं, जबकि वे आज भी उनकी सरकार बनने के बाद धारा-370 को वापिस करने जैसे बयान देकर भी संविधान को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से पिछले 11 वर्षों में ये देश संविधान के अनुरूप चला है और असल मायने में आजाद भारत को लोगों ने देखा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को स्थानीय कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय-देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी का दंश झेल रहा था, उस समय हमारे देश के नायकों ने अपना बलिदान दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियां खुली हवा में साँस ले सकें, लेकिन उस समय किसी को यह नहीं पता था कि देश एक ऐसा दौर भी देखेगा, जब पवित्र संविधान की हत्या की जाएगी।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 25 जून का दिन हम सबको याद कराता है कि उस समय कैसे रात के 12 बजे सरकार द्वारा इमरजेंसी का आदेश पारित होता है और आम लोगों को यातनाएं देते हुए पकड़ लिया जाता है। उन पर किए गए अत्याचारों से आज भी हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह आदेश उस सरकार की अपनी इच्छाशक्ति को पूरा करने के लिए जारी किया गया था। यह एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया था। देश के पवित्र संविधान को अपने स्वार्थ के लिए कुचल दिया गया। इमरजेंसी के दौरान संविधान और लोकतंत्र का एक बार भी स्मरण नहीं किया गया। किस प्रकार नेताओं और अपनी आवाज को बुलंद करने वाले लेखकों पर अत्याचार किए गए, उनको जेलों में बंद कर दिया गया, ताकि वे सरकार के खिलाफ कुछ न लिख सकें उन्होंने कहा कि जब भारत अंग्रेजों से आजाद हुआ तो देश में छोटी-छोटी 562 रियासतें थी और इन 562 रियासतों को एकजुट करने का काम सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया गया और उन्होंने सभी रियासतों को एकजुट करने का काम किया। वहीं, सिर्फ एक रियासत की जिम्मेवारी पंडित जवाहरलाल नेहरू को सौंपी गई थी, जिसका परिणाम सब जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी संविधान का सम्मान नहीं किया और उनके नेता लोकतंत्र के मंदिर संसद में खड़े होकर बिल को फाड़ कर संविधान का अपमान करते है। संविधान की रक्षा की बात करने वालों की पीढ़ियों ने भी कभी संविधान का सम्मान नहीं किया। कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही लोगों को प्रताड़नाओं का दंश झेलना पड़ा और इन गलत नीतियों के कारण ही आज लोगों ने कांग्रेस को साफ कर दिया है।

सीएम ने कहा कि आजाद भारत के बाद जिस गति से देश आगे बढ़ना चाहिए था, उस गति से नहीं बढ़ा। कांग्रेस के 55 साल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल के कार्यकाल में विकसित भारत के अंतर को साफ देखा जा सकता है।

# बाल श्रम कर रहे 7 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया

रेस्क्यू

बेहतर जीवन और भविष्य हर बच्चे का अधिकार - संजय कुमार



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

पानीपत इंसार मार्केट से 7 बाल श्रमिकों को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। गौरतलब है कि इन बच्चों की उम्र केवल 8 से 14 साल के बीच है।

हरियाणा में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा 'न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के बावजूद आज भी देश में बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और एमडीडी द्वारा संयुक्त रूप से पानीपत को बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वर्षा शर्मा द्वारा भी पानीपत से बाल श्रम को खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बाल श्रम व बाल शोषण की सूचना जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय अथवा हेल्पलाइन नंबर 15100 अथवा बाल कल्याण समिति में दें ताकि बच्चों को एक बेहतर भविष्य दिया जा सके। अगर किसी को भी बाल श्रम अथवा भिक्षावृत्ति के बारे में कोई सूचना मिलती है तो पेसिल पोर्टल अथवा स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज संदीप कुमार के नंबर 7015986378 पर दी जा सकती है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के मार्गदर्शन में बस स्टैंड पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल अस्पताल से काउंसलर डा. कांता रानी व ममता व पैरा लिगल वालंटियर पूजा द्वारा जन साधारण को नशा निषेध व एचआईवी-एसटीआई से सुरक्षा हेतु जागरूक किया।

डा.कांता रानी ने बताया कि एचआईवी-एसटीआई की काउंसलिंग, जांच व ईलाज सिविल अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। इसके अलावा एचआईवी-एसटीआई की



रिपोर्ट पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी-एसटीआई के कारण जैसे कि संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरिंज का प्रयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाने से संक्रमित गर्भवती महिला से उसके पैदा होने वाले बच्चे को एचआईवी-एसटीआई का संक्रमण फैल सकता है।

उन्होंने बताया कि एचआईवी-एसटीआई की रोकथाम निरंतर कंडोम के प्रयोग से, संक्रमित सुई का उपयोग न करके, रक्त की जरूरत होने पर लाइसेंस ब्लड बैंक से ही लेने पर की जा सकती है। एचआईवी-एसटीआई संबंधित कोई भी जानकारी कि लिए 1097 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते है। उन्होने यह भी बताया कि एचआईवी का संक्रमण साथ उठने बैठने, छूने, गले लगने, एक ही स्विमिंग पूल, शौचालय इस्तेमाल करने से व मच्छर के काटने से नहीं फैलता। पैरा लिगल वालंटियर पूजा ने बताया कि यदि किसी भी संक्रमित व्यक्ति व उसके साथ रहने वाले व्यक्ति के अधिकारों का हनन होता है तो वह व्यक्ति एचआईवी एक्ट 2017 के तहत अपील दर्ज कर सकता है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सेवा व सहायता भी प्राप्त कर सकता है।

यदि किसी के अधिकारों का हनन होता है तो इस एक्ट के तहत दण्ड या जुमार्ना या दोनों भी हो सकता है।

# गुरुकुल शिक्षा प्रणाली में मार्गदर्शन ही शिक्षा की आधारशिला : मलिक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र के तत्वाधान में आज गांव मोर माजरा स्थित आर्य कन्या गुरुकुल (परामर्श केन्द्र संख्या-136) में अध्यापकों हेतु गुरुकुल में मार्गदर्शन की भूमिका-प्राचीन ज्ञान और आधुनिक व्यावहारिकता का मिश्रण विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में गुरुकुल शैक्षणिक संस्थान के सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक व राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि मेंटरशिप दो लोगों के बीच का ऐसा रिश्ता है, जिसमें ज्यादा अनुभव, ज्ञान और संपर्क वाला व्यक्ति किसी निश्चित क्षेत्र में अपने द्वारा सीखी गई बातों को अपने से कम उम्र या कम अनुभवी व्यक्ति को दे सकता है ।

# नशा जागरूकता के लिए डा. पीयूष पुंज को मंत्री बेदी ने किया सम्मानित




पिंजौर/कालका मैनपाल

सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन, फ्रेयाक बेनेवोलेंट फाउंडेशन और पत्रकार एवं सम्पादक महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पखवाड़े के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नशे के विरूद्ध कार्य करने वालों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने किसान भवन सेक्टर-14 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत व नशा मुक्त हरियाणा, राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि ह्लनशा भगाओ समाज बचाओह्व उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। उन्होंने नशा मुक्त हरियाणा व पंचकूला से जुड़े हुए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व अन्य सामाजिक संस्थाओं को नशा मिटाने के योगदान के लिए बधाई दी।

# संक्षिप्त खबरें

## इंद्री पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में चार आरोपियों को दबोचा, पांच बाइकें बरामद

इंद्री, 25 जून (मैनपाल कश्यप): थाना इंद्री क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नकेल कसते हुए जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ (अअअ) टीम ने दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पहला मामला सोमवार देर शाम सामने आया जब सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने गांव बुड्ढा खेड़ा के समीप दबिश देकर तीन आरोपियों को काबू किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आशीष पुत्र बलदेव, प्रदीप पुत्र रामनिवास (दोनों निवासी गांव गुमटो, थाना बुटाना, करनाल) और रवि पुत्र पीतम (निवासी गांव भानु खेड़ी, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दो मोटरसाइकिलें दिनांक 16 जून को इंद्री क्षेत्र से और दो अन्य वाहन करनाल शहर एवं सेक्टर-12 क्षेत्र से चोरी किए थे।

दूसरे मामले में एएसआई यशपाल सिंह व सिपाही संदीप कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव उचानी निवासी अंकित को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया। पूछताछ के दौरान आरोपी वाहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया और चोरी की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

चारों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इसमें और भी चोरी के मामलों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## संविधान खतरे में नहीं, सत्ता से बाहर हो चुके लोग खतरे में : नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। सीएम नायब सैनी ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मंे करनाल में प्रेस वार्ता की। सीएम सैनी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि वे कहते थे कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा, लेकिन अब उन्हें अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत है।

सीएम ने कहा कि राहुल गांधी बच्चों जैसी बातें करते हैं, जिन्हें देश की जनता भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संविधान को हमेशा एक राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया और जब मन आया, इसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया।

इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि इस कार्यक्रम में कहीं पर भी बंसीलाल परिवार से किरण चौधरी व उनकी बेटी ने शिरकत नहीं की। क्या उन नेताओं को इस कार्यक्रम से दूर रखा गया है। इस पर जवाब देते हुए सीएम कहा कि किसी भी नेता को कार्यक्रमों से दूर नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं की अपनी व्यक्तिगत व्यवस्थाएं हो सकती हैं।

आज का दिन 140 करोड़ देशवासियों को विभाजन और आपातकाल की विभीषिका याद दिलाने का दिन है। यह वह दौर था जब लाखों लोगों ने अत्याचार सहे, बेटियों के साथ दरिंदगी हुई और परिवार बिछड़ गए। उन्होंने कहा कि हमें यह समझना होगा कि देश का विभाजन किनकी गलती से हुआ और ऐसी परिस्थितियां दोबारा न आएं, इसके लिए उस इतिहास को याद करना जरूरी है।

# अवैध देसी पिस्तौल जिंदा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

सीआईए श्री पुलिस टीम ने काला आंब रोड पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के शामली जिला के अकबरपुर स्नेहटी गांव निवासी सुफियान के रूप में हुई है।

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मंगलवार को उनकी टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी की एक युवक काला आंब की ओर से पैदल सनौली रोड की तरफ आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने काला आंब रोड पर नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक काला आंब की ओर से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई



करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुफियान पुत्र अकबर निवासी अकबरपुर स्नेहटी शामली यूपी के रूप में बताई। उसकी तलाशी लेने पर पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुआ। देसी पिस्तौल को खोलकर जांच की तो लोड मिला। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया बरामद देसी पिस्तौल को वह दोस्तों में रौब दिखाने के लिए करीब 2 महीने पहले यूपी के मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के नजदीक मिले एक अज्ञात युवक से 3500 रूपए में खरीदकर लाया था।

# 6 जुलाई को आयोजित बुजुर्ग सम्मान समारोह को लेकर दिया न्यौता

सम्मान समारोह

बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में सुबह 10 बजे किया जाएगा

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा आगामी 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में सुबह 10 बजे किया जाएगा। जिसको लेकर ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के संस्थापक ऋतमोहन शर्मा, अनिल शर्मा, विनोद शास्त्री व महावीर गौत्तम ने गांव कुराड़ में समारोह का न्यौता दिया। इस से पूर्व गांव स्थित भगवान श्री परशुराम जी के मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एडवोकेट ऋतमोहन शर्मा ने ग्रामीणों को



संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में बड़े-बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करने वाला समाज उन्नति करता है। हमारे बुजुर्ग न केवल हमारे आदर्श हैं बल्कि हमारी आन-बान व शान हैं।

उन्हीं की बदौलत आज हम इस मुकाम पर हैं। इसलिए 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के दौरान ही समाज हित के कार्यो के लिए बुजुर्गों से मार्ग दर्शन प्राप्त किया जाएगा।

वहीं अनिल शर्मा ने बताया कि समारोह में सानिध्य श्री आदि बद्री मठ मछली बंदर से दंडी स्वामी विनय स्वरूप आश्रम व स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज का रहेगा। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा, सेवानिवृत आईएएस राजीव शर्मा, सेवा निवृत जिला जज के.सी.शर्मा होंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी अविनाश पालीवाल, कांग्रेस नेता विरेंद्र बुल्ले शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, डायरेक्टर पीयूषी बैंक ओ.पी.शर्मा, विजिलेंस प्रमुख शशिकांत शर्मा व एडवोकेट अशोक शर्मा सोनीपत रहेंगे। इसके अलावा अतिथिगण के रूप में रिफाइनरी से जीएम आईएसआरएल मुकेश शर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र मित्तल, कुलदीप कौशिक, ईश्वर गोयल,राजीव जैन, भाजपा नेता राजेंद्र हलदाना व डा.गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वह समारोह में पहुंच कर भगवान श्री परशुराम जी व बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप शांडिल्य एडवोकेट, कृष्ण शर्मा, बिल्लू शर्मा, जयभगवान शर्मा, मोनू, मीनू, प्रदीप, पवन शर्मा, प्रिंस, सागर व जसबीर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# यमुनानगर में भारी बरसात से नदियों में आया उफान, खेत सड़क गांव सब जलमग्न

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर ,25 जून (धर्मबीर)-

बुधवार तड़के लगभग 4:00 से शिवालिक की पहाड़ियों में हो रही मूसलाधार बरसात से गांव सड़क खेत खलिहान सब जलमग्न हो गए। सोम नदी का पानी जो सुबह 11:00 बजे लगभग 6000 क्यूसेक था वह 3:00 तक बढ़कर 28000 क्यूसेक के करीब पहुंच गया। 15000 क्यूसेक के बाद सोम नदी खतरे के निशान को पार कर जाती है। खानू वाला और चिंतपुर के बीच सोम नदी का तटबंध सबसे कमजोर माना जाता है पिछले बरसाती सीजन में यही तटबंध टूटकर सोम नदी ने छछरौली एरिया के लगभग 20 गांव में तबाही मचाई थी। वहीं यमुना नदी का जलस्तर आज



अधिकतम 12000 क्यूसेक तक ही पहुंचा जिससे थोड़ी राहत महसूस हुई।

भारी बरसात से दर्जनों गांव की सैकड़ो एकड़ जलमग्न भारी बरसात के कारण खानू वाला चिंतपुर मानकपुर ल्लहाडी लोप्यों बरौली माजरा कोटडा कन्हान सिंह दादूपुर सैनी हडोली रायपुर डमोली तुगलपुर हाफिजपुर हास्पी दसोरा दसोरी याकूबपुर बलौली तारूवला सिहपुरा अराईया वाला, प्रताप नगर चांदपुर माजरी बॉम्बे पुर आदि गांव की हजारों एकड़ फसल जल मग्न हो गई यहां धान गन्ना पॉपुलर की फसल को ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

इस बार प्रशासन द्वारा छछरौली तहसील में फ्लड कंट्रोल रूम बनाया गया है ताकि आपातकालीन स्थिति में यहां से नजर रखी जा सके। प्रशासन द्वारा बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियां पूरी की गई है प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है यदि आपातकाल स्थिति आती है तो प्रशासन संभालने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

सोम नदी में ज्यादा पानी आने की सूचना मिलने के बाद खानू वाला और चिंतपूर्व गांव में दहशत फैल गई ग्रामीणों को प्रशासन ने फोन एवं मुनादी के माध्यम से सचेत रहने का आदेश दे दिया। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पानी से बचाव के लिए अपने घरों के गेट के आगे दीवार बनाना शुरू कर दिया ताकि ज्यादा पानी आने पर वह सुरक्षित रह सके वहीं कुछ ग्रामीण अपना जरूरी सामान पड़ोस के गांव लेदी में ले जाकर रखना शुरू कर दिया।

प्रताप नगर बस स्टैंड चौक हुआ जल मग्न इसी प्रकार प्रताप नगर में भी भारी बरसात से प्रताप नगर बस स्टैंड चौक बाजार सब जल मग्न हो गए स्थानीय दुकानदार जयकरण राजवीर संजय रजनीश आदि का कहना है कि नेशनल हाईवे के निर्माण के समय जो नाला बनाया गया है वह प्रताप नगर बस स्टैंड के नजदीक ही समाप्त कर दिया गया है जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है पानी के निकासी न होने से उनकी दुकानों के आगे और नेशनल हाईवे पर कई-कई फिट तक पानी जमा हो गया है प्रताप नगर बस स्टैंड चौक से बिलासपुर की ओर जाने वाली सड़क के हालात और भी ज्यादा बुरे हैं यहां पानी भरने से सड़क बिल्कुल बंद हो गई है स्थानीय दुकानदारों की दुकानों में पानी घुस गया है।

# यमुनानगर के अनाज मंडी आढ़ती से फिरौती मांगने वाले गैंग के दो सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर 25 जून (धर्मबीर)-

यमुनानगर के अनाज मण्डी ब्यासपुर के व्यापारी से विदेशी फोन नम्बरों से लगातार काल करके जान से मारने का भय दिखाकर फिरौती मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से अवैध हथियार बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। डीएसपीएसपी चौधरी ने बताया कि मुखबरी के आधार पर दादूपुर हैड के पास से दो नौजवान लड़को को काबू किया, जिनसे दो पिस्टल व 10 जिन्दा कारतूस वा एक देशी कटटा व 5 जिन्दा कारतूस बरामद हुये हैं।



जिनकी पहचान चेतन सिंह व साहिल खान वासी गांव ताहरपुर कलां के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया हुआ है जिनसे गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में तथा अन्य वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में जल्दी ही अन्य खुलासे किये जायेंगें तथा इस गैंग में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

## संपादकीय

# देश की एकता व अखंडता के लिये खतरनाक है भाषाई विवाद

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों नई दिल्ली में एक पूर्व आईएएस अधिकारी द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन किया। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक वाक्य बोलकर राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई विवाद को जन्म दे दिया। गृह मंत्री ने कहा कि "इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है।" उत्तर से लेकर दक्षिण तक अमित शाह के इस बयान की काफी तीखी आलोचना हुई। कुछ लोगों ने अंग्रेजी को रोजगार परक भाषा बताया तो कुछ का मानना था कि आत्मविश्वास के लिए अंग्रेजी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। जबकि कुछ नेताओं ने इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता को कमजोर करने और हिंदी थोपने के प्रयास की नजरों से देखा। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत सरकार के ही अनेक मंत्री ऐसे हैं जो धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हैं। कई प्रमुख मंत्री हैं तो ऐसे भी हैं जो अंग्रेजी में प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए ही जाने जाते हैं। उदाहरण के तौर पर वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं। वे जेएनयू से अर्थशास्त्र की डिग्री धारक है। वित्तीय नीतियों पर वैश्विक मंचों जैसे जी 20 पर उनके भाषण उनके अंग्रेजी बोलने के कौशल को दशार्ते हैं। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर, जो पूर्व राजनयिक भी रहे हैं, अंग्रेजी में असाधारण रूप से धाराप्रवाह हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और कूटनीतिक चचाओं में प्रायः अंग्रेजी का व्यापक उपयोग करते हैं। इसी प्रकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अंग्रेजी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ बोलते हैं, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और निवेश से संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उनकी धारा प्रवाह अंग्रेजी उनकी काबलियत में चार चाँद लगाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यह भी पूर्व राजनयिक हैं तथा अंग्रेजी में उत्कृष्ट संवाद का कौशल रखते हैं। वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसी तरह नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जोकि हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड से शिक्षित हैं अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं और संसद व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसका उपयोग करते हैं। अमेरिका में शिक्षित और प्रशिक्षित चिकित्सक ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी, जो हैं, अंग्रेजी में पूरी तरह से पारंगत हैं। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं विशेषकर दक्षिण भारत के अधिकांश सांसद व मंत्री अंग्रेजी में संवाद करते हैं। ऐसे में अमित शाह का यह कहना कि ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी,इसका अर्थ निकालना व इसका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। क्यों शर्म आयेगी अंग्रेजी बोलने वालों को ? स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब विदेश जाते हैं तो प्रॉम्प्टर पर ही सही परन्तु अंग्रेजी में ही भाषण देकर भारत का पक्ष रखते हैं ? कश्मीर से कन्याकुमारी तक आप कहीं भी चले जाइये ,यदि आप क्षेत्रीय भाषा बोल पाने में असमर्थ हैं तो अंग्रेजी ही ऐसी भाषा है जो एक दूसरे राज्य के लोगों के मध्य संवाद स्थापित करने का सुगम माध्यम बनती है।

# नशा - खामोश जहर, बिखरता जीवन: किस ओर जा रहे हैं हम?



प्रो. आरके जैन

"हर साल 26 जून को जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाती है, तो सवाल सिर्फ इतना नहीं कि हम इसके खिलाफ कितनी बातें कर रहे हैं—बल्कि यह है कि क्या हम इसके खिलाफ सच में खड़े हो रहे हैं? यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक जागृति का आह्वान है—एक ऐसी क्रांति की शुरुआत, जो नशे की जड़ों को उखाड़ फेंके और समाज को उसकी चपेट से मुक्त करे। नशे की त्रासदी केवल इसके शारीरिक या मानसिक नुकसान तक सीमित नहीं है; इसकी असली ताकत उस सामाजिक स्वीकार्यता में है, जो इसे धीरे-धीरे हमारे जीवन में घुसने देती है। स्कूल के किशोर से लेकर कॉरपोरेट ऑफिस में काम करने वाले प्रोफेशनल तक, नशा अब एक पर्सनल चॉइस का लबादा ओढ़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र की 2023 की विश्व ड्रग रिपोर्ट के अनुसार, विश्व भर में लगभग 29.6 करोड़ लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं"

**अगर** कोई जहर मुस्कुराहट के साथ परोसा जाए, तो क्या वह कम घातक हो जाएगा? नहीं। फिर क्यों समाज में नशे को कभी तनाव का इलाज, कभी स्टाइल का हिस्सा, और कभी दोस्तों की मस्ती का नाम देकर सामान्य बना दिया गया है? नशा आज एक आदत नहीं, एक सुनियोजित आत्मघाती योजना बन चुका है, जो हर दिन लाखों ज़िंदगियों की नींव को चुपचाप खोखला कर रहा है। हर साल 26 जून को जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाती है, तो सवाल सिर्फ इतना नहीं कि हम इसके खिलाफ कितनी बातें कर रहे हैं—बल्कि यह है कि क्या हम इसके खिलाफ सच में खड़े हो रहे हैं? यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक जागृति का आह्वान है—एक ऐसी क्रांति की शुरूआत, जो नशे की जड़ों को उखाड़ फेंके और समाज को उसकी चपेट से मुक्त करे। नशे की त्रासदी केवल इसके शारीरिक या मानसिक नुकसान तक सीमित नहीं है; इसकी असली ताकत उस सामाजिक स्वीकार्यता में है, जो इसे धीरे-धीरे हमारे जीवन में घुसने देती है। स्कूल के किशोर से लेकर कॉरपोरेट ऑफिस में काम करने वाले प्रोफेशनल तक, नशा अब एक पर्सनल चॉइस का लबादा ओढ़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र की 2023 की विश्व ड्रग रिपोर्ट के अनुसार, विश्व भर में लगभग 29.6 करोड़ लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, और यह संख्या हर साल बढ़ रही है। भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) और अन्य सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत में 15 से 34 वर्ष की आयु के बीच के लाखों युवा नशे की चपेट में हैं। इनमें से कई स्कूली बच्चे और कॉलेज छात्र हैं, जो ड्रग्स, शराब, और तंबाकू के जाल में फंस रहे हैं। क्या यह महज संयोग है, या हमारी सामाजिक और शैक्षिक व्यवस्था की विफलता? नशे की यह महामारी केवल एक व्यक्ति की कमजोरी नहीं है; यह एक सामाजिक संरचना की खामी है। जब नशा कूल होने का पर्याय बन जाता है, जब फिल्मों में सिगरेट का धुआं या शराब का ग्लास हीरोइज्म का प्रतीक दिखाया जाता है, तो हमारी युवा पीढ़ी को गलत संदेश मिलता है। आज का युवा नशे को स्टेटस, स्टाइल, और स्वतंत्रता से जोड़ता है। यह एक ऐसी भ्रांति है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है, बल्कि पूरे समाज के नैतिक और सांस्कृतिक ढांचे को कमजोर करती है। नशा केवल शरीर को नहीं खोखला करता; यह सपनों, रिश्तों, और आत्मविश्वास को भी नष्ट करता है। एक नशेड़ी न केवल अपनी जिंदगी को जोखिम में डालता है, बल्कि अपने परिवार और समाज पर भी एक बोझ बन जाता है। नशे के पीछे कई कारण गिनाए जाते हैं—तनाव, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव, या फिर दोस्तों का प्रभाव। लेकिन क्या हमने कभी यह पूछा कि हमारी व्यवस्था इस समस्या को रोकने में कितनी नाकाम रही है? नशा विरोधी कानून, जैसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस), 1985, भारत में मौजूद हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन कहाँ है? स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता के नाम पर साल में एक बार भाषण या पोस्टर प्रतियोगिता करवा दी जाती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? ड्रग तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की कमी और नशे की आसान उपलब्धता इस समस्या को और बढ़ा रही है। उदाहरण के लिए, हाल के वर्षों में भारत में सस्ते और खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स, जैसे मेफेड्रोन (म्याऊं-म्याऊं), की तस्करी में वृद्धि हुई है। ये नशीले पदार्थ न केवल सुलभ हैं, बल्कि इनका प्रचार सोशल मीडिया और डार्क वेब के जरिए भी हो रहा है। नशे का प्रभाव केवल शारीरिक या मानसिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। एक नशेड़ी व्यक्ति न केवल अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी अस्थिर करता है। नशे की लत के कारण लोग अपनी नौकरी, शिक्षा, और सामाजिक प्रतिष्ठा खो देते हैं। परिवार टूटते हैं, बच्चे अनाथ होते हैं, और समाज में अपराध बढ़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाली बीमारियों और अपराधों का वैश्विक आर्थिक बोझ अरबों डॉलर में है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहाँ पहले ही संसाधनों की कमी है, नशे की यह महामारी एक और बड़ी चुनौती है। इस समस्या का समाधान केवल सरकारी नीतियों या कानूनों तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें हर व्यक्ति, हर परिवार, और हर समुदाय की जिम्मेदारी बनती है। माता-पिता को अपने बच्चों से खुलकर बात करनी होगी—न कि डर या ताने के साथ, बल्कि प्यार और विश्वास के साथ। शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार पर नजर रखें और उन्हें नशे के खतरों के बारे में शिक्षित करें। स्कूलों और कॉलेजों में नशा निषेध पर नियमित कार्यशालाएँ और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। सरकार को नशा तस्करी के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी और नशामुक्ति केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी। मीडिया और सिनेमा की भूमिका भी अहम है। जब तक फिल्में और वेब सीरीज नशे को ग्लैमराइज करती रहेंगी, तब तक युवाओं के दिमाग से यह भ्रांति नहीं निकलेगी कि नशा कूल है। हमें ऐसी कहानियाँ और किरदारों को बढ़ावा देना होगा जो नशे के खिलाफ लड़ते हों, जो अपनी इच्छाशक्ति से इसे हराते हों। असली हीरो वही है, जो नशे की लत को ठुकराकर अपने सपनों को हकीकत में बदलता है। सामाजिक स्तर पर भी हमें नशे के शिकार लोगों को हाशिए पर धकेलने के बजाय, उन्हें मुख्यधारा में लाने की कोशिश करनी होगी। नशामुक्ति केंद्रों को केवल सुधार गृह नहीं, बल्कि पुनर्जनन के केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि नशा एक बीमारी है, और इसका इलाज दया, समझ, और समर्थन से ही संभव है।

26 जून का अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस हमें याद दिलाता है कि यह लड़ाई केवल एक दिन की नहीं, बल्कि हर दिन की है। यह केवल एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आह्वान है। हमें नशे को सामान्य बनाना बंद करना होगा। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि असली मस्ती जिंदगी जीने में है, न कि इसे नशे में डुबाने में। हमें अपने समाज को यह बताना होगा कि नशा स्वतंत्रता नहीं, गुलामी है।

और हमें खुद से यह वादा करना होगा कि हम नशे को न केवल अपने जीवन से, बल्कि अपनी सोच और संस्कृति से भी बाहर करेंगे। क्योंकि नशा वह आग है, जो न केवल सपनों को जलाती है, बल्कि हमारी सभ्यता को भी राख में बदल देती है। अगर हमें अपने देश का भविष्य बचाना है, तो हमें पहले इसे नशे की गिरफ्त से आजाद करना होगा। यह समय खामोशी का नहीं, क्रांति का है। यह समय बातें करने का नहीं, बल्कि कदम उठाने का है। 26 जून को एक संकल्प लें—नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त विश्व। क्योंकि जब तक एक भी व्यक्ति नशे की चपेट में है, हमारी जीत अधूरी है। नशे के खिलाफ यह जंग हमारी है, और इसे हमें ही जीतना है।



## कविता

**देख सजनी ! देख ऊपर।।**

आ रही है मेघमाला।।
बम सरीखी गड़गड़ाती,रेल जैसी दड़दड़ाती।
इंजनों सी धड़धड़ाती, फुलझड़ी सी तड़तड़ाती।।
पल्लवों को खड़बड़ाती,पंछियों को फड़फड़ाती।
पड़पड़ाती पापड़ों सी, बोलती है कड़कड़ाती।।
भागती तो भड़भड़ाती, बावरी सी बड़बड़ाती।
हड़बड़ाती, जड़बड़ाती, दिग्गजों को खड़खड़ाती।।
सिर उठाकर देख ऊपर।। और ऊपर और ऊपर।।
आ रही है मेघमाला।
देख सजनी ! देख ऊपर।।
वह पुरन्दर की परी सी घेर अम्बर, और अन्दर,और अन्दर।
कर चुकी है श्यामसुन्दर से स्वयंवर।।
रिक्ष बन्दर सी कलन्दर वह मुकद्दर की सिकन्दर।
हो धुरन्धर सींच अंजर और पंजर बाग बंजर।।
कर समुन्दर को दिगम्बर फिर बवण्डर सा उठाती।
बन्द बिरहिन का कलेजा खोल खंजर सा चलाती।।
आ रही है मेघमाला।
देख सजनी ! देख ऊपर।।

**गिरेन्द्रसिंह भदौरिया "प्राण"**

# पेंशन का अधूरा वादा: भारत के बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा की लड़ाई

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत की पेंशन प्रणाली न केवल अपर्याप्त है बल्कि कई स्तरों पर खंडित भी है। जहां संगठित क्षेत्र के कुछ हिस्सों को कर्मचारी भविष्य निधि और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसे साधनों से राहत मिलती है, वहीं असंगठित क्षेत्र के 85% श्रमिक इस दायरे से बाहर हैं। देश की जनसंख्या में 60 वर्ष से ऊपर के लोगों की संख्या 2036 तक 23 करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है। लेकिन आज भी केवल 5-6% बुजुर्ग ही किसी संगठित पेंशन योजना का लाभ उठा पा रहे हैं। यह विफलता नीतिगत, संरचनात्मक और प्रशासनिक तीनों स्तरों पर दिखाई देती है।

भारत में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम जैसे प्रयासों के बावजूद एक गहरी पहुँच की खाई मौजूद है। उदाहरण के लिए, श्रम योगी योजना में शामिल होने वाले श्रमिकों की संख्या देश की कुल असंगठित कार्यशक्ति का केवल 14% है। इन योजनाओं की सबसे बड़ी कमजोरी है – निश्चित मासिक अंशदान की शर्तें, जो अस्थिर और मौसमी कमाई करने वाले श्रमिकों के लिए अव्यवहारिक बन जाती हैं।

जो योजनाएँ उपलब्ध हैं, उनमें पेंशन राशि इतनी कम है कि वह जीवनयापन के बजाय अपमानजनक सांत्वना बनकर रह जाती है। अटल पेंशन योजना के तहत मिलने वाली ?1,000-5,000 की मासिक पेंशन हो या श्रम योगी योजना के ?3,000 प्रतिमाह – बढ़ती महंगाई और दवाओं की कीमतों के बीच यह राशि एक बुजुर्ग की आवश्यकताओं के लिए अपर्याप्त है।

इसका सीधा नतीजा यह होता है कि उम्र के उस मोड़ पर जब व्यक्ति को सबसे अधिक विश्राम और सम्मान चाहिए, वह दर-दर भटकने, बच्चों पर निर्भर रहने या काम करने के लिए मजबूर हो जाता है।

बड़ी आबादी को यह जानकारी ही नहीं होती कि पेंशन योजनाएँ क्या हैं, कैसे जुड़ें और क्या लाभ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर यह समस्या और विकराल है जहाँ बैंकिंग पहुँच और डिजिटल साक्षरता भी सीमित है। साथ ही, सामाजिक मानसिकता भी एक अवरोध है – "बुजुर्गों की जिम्मेदारी तो बेटे-बेटियों की है", इस सोच ने भी राज्य को जवाबदेही से मुक्त कर दिया है।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम जैसी योजनाएँ जिनके तहत केंद्र सरकार वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करती है, उनमें भी राज्यों के अनुसार भारी असमानता है। कुछ राज्य मासिक भुगतान करते हैं, तो कुछ तिमाही या छमाही में। इसके अलावा आवेदन, अनुमोदन और वितरण की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि बहुत से बुजुर्ग आवेदन करते-करते थक जाते हैं।

## विचार

# जाने कब भरेंगे आपातकाल में हुए जख्म ?

राकेश अचल

**मै** आपातकाल के पचास साल पूरे होने पर न भी लिखता तो कोई पहाड टूटने वाला नहीं था, क्योंकि आपातकाल में प्रतिरोध करने वालों को मिले जख्म न जाने कब के भर चुके है. लेकिन राजनीति की फितरत है कि वो हर जख्म को हरा रखती है ताकि सत्ता बनी रहे. देश में सरकारी पार्टी भाजपा 25 जून 2025 को आपातकाल की पचासवीं सालगिरह को संविधान सुरक्षा दिवस के रुप में मनाकर आपातकाल के हौवे को बनाये रखना चाहती है. देश में एक पीढी है, जिसने आपातकाल नहीं देखा और एक पीढी आपातकाल की साक्षी भी है. आपातकाल में जो लोग जेल गए थे भाजपा उन्हे लोकतंत्र सेनानी मानती है और ऐसे लोगों को राजकोष से बाकायदा पेंशन भी दे रही है. आपातकाल के इस प्रतिसाद से पल रहे लोग आपातकाल को जिंदा रखना चाहते हैं, बल्कि मै तो कहूं तो ऐसे दल और लोग आपातकाल से प्रेरणा लेकर बिना आपातकाल की घोषणा के ही संविधान के, नागरिक अधिकरों के शत्रु बने हुए हैं. जिस दिन आपातकाल लगा मै सिनेमाघर से बाहर निकला था, आपातकाल का विरोध करते हुए गिरफ्तारी देने वालों के साथ मै भी पुलिस वेन में सवार हुआ लेकिन नफरी के बाद मुझे नाबालिग होने की वजह से बैरंग लौटा दिया गया. उस समय मैं कक्षा 11का छात्र था. आपातकाल का मतलब नहीं समझता था. मेरे सामने ही आपातकाल हटा भी, चुनाव भी हुआ. कांग्रेस हारी भी. विपक्ष की सरकार भी बनी और ढाई साल में ये सरकार गिर भी गई. आज मै एक अघोषित आपातकाल को देख रहा हूँ. आज भी सत्ता प्रतिष्ठान के विरोध में बोलने वालों को जेलों में ढूंसा जा रहा है. यातनाये दी जा रहीं हैं और संविधान का चीरहरण किया जा रहा है, लेकिन सब कुछ संविधान बचाने के नाम पर. आज संविधान बचाने का ेरी१५्री@ल्ल'४ल्लेङ्ग३ङ्ग१२्ङ्के नारा और जिम्मेदारी कांग्रेस और शेष विपक्ष के पास है. संविधान तब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ और आज भी सब कुछ संविधान के नाम पर, संविधान की आड में हो रहा है.

पिछले ग्यारह साल के अघोषित आपातकाल में संवैधानिक संस्थाएं क्षीण हुई हैं., विधायिका,न्यायपालिका अपमानित हुई है लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ न पचास साल पहले जैसी विपक्षी एकता है और न आक्रामकता. दुर्भाग्य से कोई जयप्रकाश नारायण भी नहीं है. यही वजह है कि आपातकाल की घोषणा किए बिना काम कर रहे दल लगातार तीसरा चुनाव जीत गये. जनता उन्हें उस तरह से सजा नहीं दे सकी जैसी कांग्रेस को मिली थी. ज के आपातकाल के खिलाफ अकुलाहट तो है लेकिन तीव्रता नही है. लोग चुपचाप मार सह रहे हैं. क्योंकि उनके सामने 25 जून 1975 वाले आपातकाल का हौवा है. रुदालियां हैं जो घूंघट डालकर विलाप करती हैं.

जनता के पास प्रतिकार की जो क्षमता पचास साल पहले थी, अब नहीं है. खमियाजा पूरा देश भुगत रहा है. एक दिव्यांग सरकार स्वेच्छाचारिता की सभी हदें तोडकर भी महात्मा बनी हुई है. देश के भीतर- बाहर भारत की छवि धूमिल हो रही है. भारत का अपमान हो रहा है किंतु एक छद्म राष्ट्रवाद का मुलम्मा इस सब पर चढाया जा रहा है. पुरने आपातकाल ने लोकतंत्र की मात्र 19 महीने की अवमानना की थी, लेकिन आज ऐसा होते 11 साल पूरे होने वाले हैं. प्रार्थना कीजिये कि देश में लोकतंत्र बना रहे. अधिनायकवाद की जडें मजबूत न हों.जनतांत्रिक अधिकार न कुचले जाएं. मजे की बात ये है कि आपातकाल का हौवा खडे करने वाले लोग तब जेल भी नहीं गये थे. वे मेरी तरह नाबालिक भी नहीं थे. वे भूमिगत हो गये थे. गिरफ्तारी से डर गये थे. यही लोग आपातकाल का हवाला देकर देश को गुमराह कर रहे हैं. ये लोग चूंकि लोकतंत्र के छदम सेनानी हैं. बहरहाल मै आश्वस्त हूं कि देश जब घोषित आपातकाल से बाहर आ गया था तो इस अघोषित आपातकाल से भी यथाशीघ्र बाहर आ जाएगा.

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा

**लेखक- डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**7 दिसंबर** 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से पूरे विश्व में 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तब से विश्व के लोगों को नशीली वस्तुओं और पदार्थों के सेवन और उपभोग से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने का कार्य आरम्भ हुआ था। भारत में 14 सितम्बर 1985 से ही नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट नंबर 61 वर्ष 1985 लागू किया था जिसे हिंदी में स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम संख्या 61 वर्ष 1985 कहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को लागू करने के साथ साथ आवश्यकतानुसार इसमें 1988, 2001, 2014 और 2021 में चार बार संशोधन भी किया गया था। तत्पश्चात भारत में वर्ष 1988 में स्वापक औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम अधिनियम, संख्या 46 वर्ष 1988 लागू किया गया ताकि ऐसे लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा सके। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट या एनडीपीएस अधिनियम 1985, नारकोटिक्स और

साइकोट्रोपिक पदार्थों के भंडारण, उपभोग, परिवहन, खेती, कब्जा, बिक्री, खरीद और विनिर्माण को विनियमित करने के लिए एक व्यापक कानून है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि भारत में वर्ष 1985 तक भांग और इसके डेरिवेटिव, चरस और मारिजुआना प्रतिबंधित नहीं थे लेकिन उपरोक्त अधिनियम के पश्चात प्रतिबंधित किये गए हैं। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में यह आदेश पारित किया गया था कि वर्षा आरम्भ होने से पूर्व जहाँ कहीं भी भांग के पौधे खड़े हों उन्हें नष्ट किया जाए। फलस्वरूप हरियाणा में भांग के पौधों को नष्ट करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया।

सामान्य रूप से नशे में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू और शराब को ही गिना जाता है लेकिन आज के समय में ड्रग्स के नशे का सेवन, व्यापार और प्रचलन बहुत अधिक तीव्रता से बढ़ रहा है जिसका परिणाम यह हुआ कि भारत के सबसे समृद्धशाली प्रान्त पंजाब को आज उड़ता पंजाब के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1999 में पंजाब की जीडीपी पुरे भारत की जीडीपी के समकक्ष हुआ करती थी लेकिन वहां के लोगों में ड्रग्स का प्रचलन ऐसा बढ़ा कि आज पंजाब प्रान्त में कई गाँव ऐसे हैं जहाँ एक भी पुरुष नहीं है।

# बजट खा गई संस्था की माया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

चंपारन के उस छोटे से गांव की धूल भरी गलियों में, जहाँ अब बस चुनावी वादों की बूँदाबाँदी होती है, कभी एक पवित्र संकल्प ने जन्म लिया था—"जनहित उत्थान परिषद।" इसे मास्टरजी ने जन्म दिया था, जो अब केवल तस्वीरों में मुस्कराते हैं। उन्होंने गांव की भलाई के लिए अपने बुढ़ापे का सहारा—अपनी जमीन—बेच दी थी। सेवा का यह बीज उस समय बोया गया था, जब दुनिया को सेल्फी का नहीं, समर्पण का शौक था। मास्टरजी की आँखों में सपना था—एक ऐसा मंच, जहाँ से परोपकार की नदियाँ बहेंगी। मगर समय बीतता गया, और सेवा का यह मंदिर अब काजू-बर्फी की दुकान में बदल गया। वहाँ अब भूखे ठेकेदारों की भीड़ उमड़ती है, जो सेवा नहीं, सेहरा पहनने के लिए आते हैं। मास्टरजी कहा करते थे, "संस्था सेवा का मंदिर होती है," पर अब वहाँ वही चेहरें हैं जो पोस्टरों में मुस्कराते हैं, और गांधीजी की तस्वीरें जो बुदबुदाती हैं—"हे राम! ये क्या हो गया?" संस्था की एक सभा, जो कभी निर्णयों की पवित्र बैठक हुआ करती थी, अब कुर्सियों का कुंभ मेला बन चुकी थी। एक दिन, जैसे पुरानी ट्रांजिस्टर में झटके से आवाज आ जाए, दस सदस्य एक साथ खड़े हो गए। बोले, "संस्था डूब रही है।" उनका अंदाज ऐसा था मानो वे ळ्इंल्लू पर खड़े होकर आखिरी साँसें गिन रहे हों। अध्यक्ष जी मुस्कराए, जैसे मिठाई की दुकान पर नवरात्रि में ग्राहक से पूछते हैं—"और क्या लेंगे?" सुधार का सुझाव आया—नए सभापति, नए उपसभापति, और मंत्री! जैसे संस्था नहीं, कोई पॉलिटिकल रिएलिटी शो हो, जहाँ कुर्सियों का ऑक्शन चल रहा हो। विचार नहीं, पद की गणना हुई। सुधार का नाम लेकर सत्ता का कारोबार हुआ, और मास्टरजी की आत्मा ने शायद दीवार के पीछे सिर पीट लिया हो। एक समय था जब संस्था की मीटिंग में गाँव की भलाई की चर्चा होती थी—बच्चों की पढ़ाई, तालाब की सफाई, वृक्षारोपण। अब मीटिंग किसी शादी की बारात लगती है। कुर्सियाँ सजती हैं, भाषण होते हैं, लेकिन मुद्दे गायब होते हैं। ह्लसंस्था में अब कुछ नहीं बचा, सिवाय कुर्सियों के,ह्व यह वाक्य अब वहां की स्थायी नीति बन चुका था। हर बैठक में लोग संकल्प पत्र कम, मोबाइल कैमरा ज्यादा उठाते हैं। मिशन की जगह मिशनरी ऑफ पोजिशन हो गया है—कौन सा पद किसे मिल रहा है, यही चिंता सबको खाए जाती है। एक सदस्य की करुण पुकार सुनाई दी, ह्लपहले हम पेड़ लगाते थे, अब पद लगाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### घरौंडा मिल में 48 क्विंटल गेंहू गायब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गेहूं स्टॉक पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने बीती शाम को छापा मारा। जांच में करीब 48 क्विंटल गेहूं कम पाए गए। ये स्टॉक कैमला रोड स्थित एकता और हनुमान राइस मिलों में रखा गया था। जांच के दौरान रिकॉर्ड और गिनती में मेल नहीं मिला, जिससे स्टॉक प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग की लापरवाही के चलते अब संबंधित इंस्पेक्टरों से रिकवरी की तैयारी की जा रही है। इससे पहले कुंजपुरा में भी विभाग की लापरवाही सामने आ चुकी है। बीती शाम को सीएम फ्लाइंग की टीम ने पहले एकता मिल और फिर हनुमान राइस मिल में स्टॉक को चेक किया गया। सीएम फ्लाइंग के मुताबिक यहां पर करीब ढाई लाख बैग स्टॉक किए गए हैं। उन सभी की काउंटिंग की गई। देर रात तक सीएम फ्लाइंग की टीम रिकॉर्ड खंगालती रही। जब रिकॉर्ड मिलाया गया तो बैग कम पाए गए। यह गेहूं स्टॉक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधीन था और इन दोनों मिलों में स्टॉक की जिम्मेदारी घरौंडा के इंस्पेक्टरों को सौंपी गई है। अब इन दोनों अधिकारियों पर कम बैग मिलने की पूरी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। अब इनसे रिकवरी की जाएगी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी सुशील कुमार ने फोन पर हुई बातचीत में जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने जिन दो राइस मिलों में स्टॉक लगाया हुआ है, उनमें से एक मिल डिफॉल्टर भी है। वहां पर 48 क्विंटल गेंहू कम पाया गया। अब घटे हुए स्टॉक की रिकवरी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टरों व संबंधितों से की जाएगी। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। यह मामला ऐसे समय पर सामने आया है, जब कुंजपुरा के गोदामों में भी स्टॉक की जांच जारी है। यहां पर वर्ष 2024-25 के स्टॉक की जांच की गई थी, जहां पर 25 लाख का गेहूं कम पाया गया था, जिसकी जांच प्रक्रिया जारी है और रिकवरी भी प्रोसेसिंग में है। वहीं अब करंट ईयर यानी 2025-26 को लेकर भी खाद्य आपूर्ति विभाग को शिकायत मिली है, जिसमें गेहूं के कट्टों में कम वजन होने के आरोप हैं। उसको लेकर भी छह सदस्यीय टीम गठित की हुई है और वह भी जांच में लगी हुई है।

### अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रही हैं शहर की सड़कें, सड़कों पर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों का कब्जा

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन शहर की सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं। शहर की सड़कों पर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों का कब्जा है। कुछ जगह बचती भी है तो उस जगह पर लोग गलत तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसके बाद सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगती है तथा पैदल राहगीरों के गुजरने के लिए भी रास्ता शेष नहीं बचता। जिसके कारण शहर के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए। अभियान के दौरान तो अतिक्रमण हट जाता है लेकिन अभियान थमते ही फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सरार्फा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति रहती है। शहर की शायद ही ऐसी कोई सड़क मार्ग होगा, जहां अतिक्रमण न हो। इससे यातायात बाधित होता है। त्योहार के समय तो हालत यह हो जाते हैं, कि सड़कें संकरी हो जाती हैं और लोग पैदल भी नहीं निकल पाते। कई बार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर सामान रखने वालों पर जुमार्ना भी किया, फिर सुधार नहीं हुआ। शहर के सब्जी मंडी रोड, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार इत्यादि सड़क मार्गों पर दुकानदारों ने धड़ल्ले से सामान लगाया हुआ है। जिसके बाद रोड सिकुड़ कर आधा भी नहीं बचा है। शेष जगह पर रेहड़ी चालक व गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिसके कारण ट्रैफिक के दौरान जाम लग जाता है। सड़कों पर गाड़ी खड़ी करना लोगों की लापरवाही नहीं बल्कि मजबूरी है। क्योंकि शहर में नगर पालिका के पास पार्किंग के लिए जमीन नहीं है। अब सवाल ये उठता है कि यदि लोग बाजारों में गाड़ियों को खड़ी ना करें तो कहां करें। शहर में पार्किंग की सुविधा ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आए ग्रामीण लोग अपने वाहनों को खरीददारी के दौरान सड़कों पर खड़ा कर चले जाते हैं।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जलभराव की स्थिति का किया स्थलीय निरीक्षण

**निरीक्षण**

**▸▸ संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**

**नूंह** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को नूंह शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने एवं शीघ्र जल निकासी के लिए किए जा रहे प्रबंधों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली और मौके पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि बरसात के मौसम के दौरान शहर में कहीं पर भी जलभराव की समस्या न हो। इसके लिए क्षेत्र वाइज अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी निर्धारित कर दी हैं। जिस भी एरिया में पानी का जमाव होगा, उसके लिए उसी अधिकारी की जिम्मेवारी फिक्स रहेगी। प्रशासन ने जनता के लिए कंट्रोल रूम के नंबर भी जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज शहर के शहीदी स्मारक के नजदीक पीडब्ल्यूडी नाला, सरदार गुरमुख स्कूल के पास का क्षेत्र, वाईएमडी कालेज सहित अन्य क्षेत्रों को दौरा किया और पानी निकासी के प्रबंध चेक किए। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर जिन क्षेत्रों में पानी जमा है, वहां से अस्थाई पाइप लाइन बिछाकर इस पानी को पास स्थित नहर में डाला जाएगा। यह कार्य आगामी दो से तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नूंह शहर से पानी निकासी का स्थाई प्रबंध करने के लिए 19 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया गया है। यह प्रोजेक्ट पूरा होने पर आगामी वर्षों में शहर के पानी की स्थाई निकासी के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं होगी। इस निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जलभराव की दृष्टि से अति प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी पंप सैट्स की समय पर जांच एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नालियों की समय पर सफाई, जल निकासी पाइपों की स्थिति की निगरानी और आवश्यकतानुसार मरम्मत प्राथमिकता से की जाए, ताकि भारी बारिश की स्थिति में शहरवासियों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## लड़कियों से छेड़छाड़ पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के कर्ण विहार इलाके में रात के समय सडक पर टहल रहीं दो लड़कियों के साथ मनचलों द्वारा छेड़छाड़ की। पहले लडकों ने गंदी-गंदी गालियां दी और जब लड़कियों ने विरोध किया तो एक युवक ने लडकी के मुंह पर थप्पड़ मार दिया और उसके साथ हाथापाई की।
लड़कियों की चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और जब उन्होंने विरोध किया तो मामला और बिगड़ गया और आरोपियों ने घर के बाहर ही पथराव कर दिया, जिससे एक साल का बच्चा घायल हो गया।
लडकी के पिता सुखदेव सिंह के अनुसार जब उन्होंने लडकों का विरोध किया और पुलिस बुलाने की बात कही तो मनचलों ने अपने और साथियों को बुला लिया। थोड़ी ही देर में करीब 30-35 युवक वहां इकट्ठा हो गए और घर के बाहर ही पथराव शुरू कर दिया। इसी दौरान घर का एक साल का बच्चा भी घायल हो गया, जिसके सिर में चोट आई है।
पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपी लडके नशे में धुत थे और आए दिन उनकी लड़कियों का पीछा करते थे।छेड़छाड़ की शिकार एक लडकी ने बताया कि पिछले दो-तीन दिन से ये लडके हमारा पीछा कर रहे थे। बीती रात जब हमने इनसे पूछ लिया कि आखिर पीछा क्यों कर रहे हो तो इन लोगों ने बदतमीजी शुरू कर दी। गंदी गालियां दीं और कहा कि क्या ये सडक तुम्हारे बाप की है? जब लडकी ने कहा कि हां, मैं अभी अपने पापा को बुलाती हूं तो एक लडके ने तुरंत थप्पड़ मार दिया और हाथापाई करने लगा।
सूचना के बाद डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इंचार्ज महासिंह ने बताया कि कर्ण विहार में झगड़े की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत मौके पर पहुंचे और वहां से एक युवक को पकडकर थाने लाया गया है। बाकी आरोपियों की पहचान की जा रही है। पीड़ित परिवार ने सेक्टर 32-33 पुलिस चौकी में शिकायत दी है।

### वाहन चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ ने बीती शाम दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने कुल चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। दोनों मामलों में पकड़े गए आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।
पहले मामले में एएसआई देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ की टीम ने गांव बुड्ढा खेड़ा के पास दबिश दी।

## उपनिदेशक ने किया मंडी, गोदाम व राशन दुकानों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देश पर उपनिदेशक प्रीति शुक्ला ने बुधवार को नूंह जिले की दो अनाज मंडियों, दो गोदामों और दो राशन दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुनियादी सुविधाओं की जांच की और खामियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत नूंह और तावडू की अनाज मंडियों से हुई, जहां किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके बाद उपनिदेशक अपनी टीम के साथ तावडू के रेवाड़ी रोड पर स्थित हरियाणा वेयरहाउस



कॉरपोरेशन के गोदाम पहुंचीं। यहां उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, बिल, कांटा-वजन और अनाज भंडारण की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। गोदाम के स्टोरकीपर से अनाज और सरसों के स्टॉक व रखरखाव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कुछ कमियां पाए जाने पर उन्होंने तत्काल सुधार के लिए निर्देश जारी किए। करीब एक घंटे तक रिकॉर्ड की जांच और मिलान किया गया। इसके बाद प्रीति शुक्ला ने नूंह की दो राशन दुकानों का दौरा किया और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत खाद्य वितरण व्यवस्था की जानकारी हासिल की। नूंह के खाद्य आपूर्ति विभाग के नियंत्रक कृष्ण कुमार गोयल ने बताया कि नूंह, हरियाणा का एकमात्र जिला है, जो भारत के 112 आकांक्षी जिलों में शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा इन जिलों में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जांच के लिए समय-समय पर निरीक्षण किए जाते हैं। इसी क्रम में उपनिदेशक प्रीति शुक्ला ने नूंह का दौरा किया। उन्होंने बताया कि तावडू गोदाम में अनाज भंडारण की व्यवस्था और मंडियों में किसानों की सुविधाओं की जांच केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। इस निरीक्षण में फरीदाबाद एफसीआई के डीएम सुरेंद्र सिंह, डीएफएसओ मुदगिल, हैफेड डीएम मनोज पारासर, एफएसओ रोहित, निरीक्षक वसीम अकरम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### धुलावट में फाल्ट ठीक करने गए बिजली कर्मचारी पर जानलेवा हमला

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
तावडू खंड के धुलावट गांव में बीते मंगलवार शाम को फाल्ट ठीक करने पहुंचे बिजली निगम कर्मचारियों के साथ गाली - गलौज मारपीट और जानलेवा हमले करने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक बिजली कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ नूंह में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना से नाराज निगम कर्मचारियों ने बुधवार को भारी संख्या में सदर थाना तावडू पहुंचकर थाना प्रभारी से सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारी पर जानलेवा हमला करने सहित बिजली सर्किट को चालू कर कर्मचारियों को मारने का प्रयास करने को लेकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।बुधवार को इस घटना से आक्रोशित यूनियन के दोनों संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों में एएचपीसी वर्कर यूनियन के यूनिट प्रधान सोहना विजयपाल, सब यूनिट प्रधान लालसिंह, सचिव मोहम्मद हासिम व एचएसईबी के सोहना यूनिट सचिव राजेश यादव, सब यूनिट प्रधान महमूद सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में सैकडों कर्मचारी सदर थाना पहुंचे। जिन्होंने संयुक्त तौर पर बताया कि गत मंगलवार शाम करीब 7 बजे बिजली निगम के सहायक लाइनमैन हुसैन दीन, अयूब (धूपा) और खजान सिंह गांव धुलावट में एक खराब ट्रांसफार्मर का फाल्ट ठीक करने गांव पहुंचे थे।

## राज्य में नशा को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** राज्य में नशा को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। विगत माह भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार चलाई गई साइक्लोथॉन यात्रा का उद्देश्य भी लोगों को इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करना था। यह बात विधायक कंवर सिंह यादव ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर कोचिंग संस्थान में युवाओं को संबोधित करते हुए कही।



विधायक कंवर सिंह यादव ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ को नशे के खिलाफ किया जागरूक करते हुए युवाओं को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान हरियाणा एनसीबी की रेवाड़ी यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर नीरज भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक कुरीति है तथा हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्था, मीडिया और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। हरियाणा सरकार व हरियाणा एनसीबी के द्वारा चलाई जा रही साइक्लोथॉन मुहिम, नमक लोटा अभियान, नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन बेकैट चलेंज और अन्य पहलें नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश देती हैं और समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करती हैं।
इंस्पेक्टर नीरज ने कहा कि नशे से संबंधित सूचना टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल व हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 9050891508 या इंचार्ज रेवाड़ी के मोबाइल नंबर 9813136557 पर दे सकते हैं।

## बिजली के रेट बढाकर लोगों की जेबों पर सरकार ने डाला डाका : रामकरण काला

**शाहबाद मारकंडा 23 जून (प्रदीप कुमार)**
रेट बढाने के साथ-साथ फिक्स चार्ज लगाने की ने करी निंदा काला ने कहा, तुरंत बढे बिजली के रेट को वापिस ले सरकार शाहबाद विधायक रामकरण काला ने कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाकर आम जनता की जेबों पर डाका मारने का काम किया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही प्रदेश की जनता पर सरकार ने ओर ज्यादा बोझ डालकर निंदनीय काम किया है
काला ने कहा कि जिसका बिजली का बिल पहले दो हजार



आता था अब चार हजार आएगा। इतना ही नही प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज भी लगा दिए हैं। यदि किसी का पांच किलोवाट का क्नेक्शन है तो 75 रूपए प्रति किलोवाट अलग भरना होगा। यानि पांच किलोवाट से उपर का रेट 6 रूपए से भी ज्यादा है और एक हजार यूनिट से ज्यादा 7 रूपए से भी उपर है।
काला ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार प्रदेश की जनता की जेबों पर डाका डालने का काम कर रही है। एक तरफ तो पहले से ही महंगाई ने आमजन का जीना दूभर कर रखा है।

### घासेड़ा डिलीवरी भवन से 26 गांवों की एक लाख से अधिक महिलाओं को मिलेगा लाभ : डीसी

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को गांव घासेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित डिलीवरी भवन का लोकार्पण किया और इसे महिला स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम बताया।
उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह केंद्र अधिक से अधिक महिलाओं को सशक्त व सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा। उपायुक्त ने बताया कि इस नवनिर्मित डिलीवरी भवन में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस भवन का निर्माण एमएमटीसी-पैम्प इंडिया कंपनी द्वारा सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत कराया गया है। उपायुक्त ने कहा कि इस जच्चा-बच्चा केंद्र के बनने से संस्थागत डिलीवरी की संख्या भी बढ़ेंगी।

## ट्विन सिटी जगाधरी भारी बरसात से हुआ चौक, घरों में घुसा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, 25 जून(धर्मबीर)-**
बुधवार सुबह हुई तेज बरसात जगाधरी यमुनानगर निवासियों के लिए आफत लेकर आई शहर के करीब हर कालोनी व मोहल्ले में दो-दो फीट तक पानी भर गया। बरसात के बाद नगर निगम के जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। लोगों ने सरकार और नगर निगम को जल निकासी का समय पर उचित प्रबंध न करने पर जमकर भड़ास निकाली। प्रशासन के ना पहुंचने पर लोगों ने प्रशासन और नेताओं के विरुद्ध सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर अपनी नाराजगी प्रकट की।
वहीं बरसात के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम क्षेत्र बस स्टैंड जगाधरी, संत थॉमस स्कूल



के पास वाले नाले,मटका चौक, सेक्टर 17, अर्जुन नगर,मॉडल टाउन, प्रोफेसर कॉलोनी, विश्वकर्मा चौक यमुनानगर सहित अन्य क्षेत्रों के नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी को निर्देश दिए कि बरसात के दिनों में सभी नाले-नालियों की साफ-सफाई का कार्य समय सही प्रकार से करवाते रहें ताकि बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से होती रहे तथा जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। बाढ़ राहत के लिये हेल्पलाइन नम्बर 01732-237801 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम क्षेत्र से बरसाती पानी कि निकासी को लेकर नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में दो-दो वाटर पंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बरसात अधिक होने के कारण शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है उन इलाकों से वाटर पंप के माध्यम से पानी की निकासी जल्द से जल्द की जाएगी ताकि लोगों को जल भराव से राहत मिल सके। उपायुक्त ने मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसटीपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी की निकासी के बारे में जानकारी ली कि पम्पों के द्वारा किस तरीके से पानी की निकासी की जा रही है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा सभी सीवरेज की सफाई करने के निर्देश दिए ताकि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

## हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री ने नशे को जड़ से उखाड़ने की करी अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 24 जून- मैनपाल**
हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने आज किसान भवन सेक्टर-14 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत व नशा मुक्त हरियाणा, राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि नशा भगाओ समाज बचाओ।
उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। उन्होंने नशा मुक्त हरियाणा व पंचकूला से जुडे हुए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व अन्य सामाजिक संस्थाओं को नशा मिटाने के योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नशा आज युवाओं में बुरी तरह से फैल रहा




है और नशे को दूर करने के लिए योगदान दे रहे लोग, संस्थाए सरकार के साथ नशे को प्रदेश व जिला से भगाने का कार्य कर रहे है, बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है नशा मुक्त भारत वहीं पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह का सपना है नशा मुक्त हरियाणा। इसको लेकर पिछले दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने प्रदेशभर में साईकलोथोन यात्रा की शुरूआत की, जिसने प्रदेश के सभी जिलों में घूमकर व कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के लोगो में नशे के दुष्प्रभाव को बताकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।
बेदी ने कहा कि सर्वप्रथम हमें जिले के स्कूलों में पढ रहे छोटे बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि बच्चें नशे का दुष्प्रभाव जानकर उसे दूर रह सके। उन्होंने बताया कि देशों में देश हरियाणा जित दूध दही का खाना। आज नशे की लत ने सैकडों परिवारों को खत्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि आज कुछ ताकते प्रदेश के युवाओं को नशे की लत लगाकर प्रदेश को कमजोर करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश का युवा नशे की लत में पड जाता है वह प्रदेश तरक्की नही कर सकता। उन्होंने सभी लोगों से नशे रूपी बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक कर नशे को समाज में जड से उखाडने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशा करता है उसके साथ नशेडी की तरह व्यवहार ना करे बल्कि व्यक्ति में नशे को एक बीमारी मानकर उसका समझबूझ से इलाज करे।
उन्होंने बताया कि हरियाणा के जवान बोर्डर पर देश की सेवा में सीमाओं को सुरक्षित रख रहे है और इसके अलावा दिल्ली पुलिस व चंडीगढ पुलिस में भी हरियाणा के जवानों की संख्या काफी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अगर युथ ही नशे में पड गया तो देश व हरियाणा की तरक्की व विकास रूक जाएगा।

## गढ़ी बीरबल-इंद्री मार्ग पर नहर पुल बना हादसों का कारण, कीचड़ भरे रास्ते से फिसल रहे वाहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 25 जून (मैनपाल कश्यप):**
गढ़ी बीरबल से इंद्री को जोड़ने वाले मार्ग पर नहर के ऊपर बना नया पुल इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। हालिया बरसात के चलते पुल से जुड़े चढ़ाई व ढलान के कच्चे हिस्से पर भारी कीचड़ जमा हो गया है, जिससे मार्ग अत्यंत फिसलन भरा हो चुका है। इस वजह से कई बाइक सवार फिसल कर गिर चुके हैं, जिनमें कुछ को चोटें भी आई हैं।
स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुल निर्माण के बाद संबंधित



विभाग ने इसके दोनों ओर सड़क से जोड़ने वाले हिस्से को पक्का करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। बरसात होते ही इन हिस्सों पर कीचड़ फैल गया है, जिससे वाहन चालकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह पुल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिसे दर्जनों गांवों के लोग रोजाना उपयोग में लाते हैं। ऐसे में कच्चे और फिसलन भरे रास्ते के चलते यह पुल किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### इंद्री-लबकरी मार्ग पर ट्रक पलटा, लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)** : लबकरी से इंद्री जाने वाले मार्ग पर करतारपुर के पास रेत से भरा एक ट्रक अचानक संतुलन खोकर सड़क के किनारे लगे धान के खेतों में पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी प्रकार का जनहानि या बड़ा माली नुकसान नहीं हुआ, लेकिन ट्रक चालक बाल-बाल बचा। स्थानीय किसान मेमपाल ने बताया कि यह मोड़ तेज और खतरनाक है, जहां अक्सर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। मेमपाल ने बताया कि पिछले शनिवार को भी इसी मोड़ पर एक ट्रक उसके खेत में घुस गया था। उस समय खेत में मजदूर नहीं थे, इसलिए बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस सड़क पर रोजाना कई दुर्घटनाएं होती हैं और तेज रफ्तार वाहन चालकों के कारण खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि मोड़ के दोनों ओर जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय निवासी कहते हैं, "अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो बड़ी दुर्घटना होना तय है। प्रशासन से अनुरोध है कि सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए।"

### फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत 559 किसानों के कृषि यंत्रो के लिए जारी की गई 06 करोड़ 23 लाख 30 हजार की अनुदान राशि



**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने व मिट्टी सुरक्षा को लेकर चलाई गई फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में जिन 559 किसानों द्वारा सुपर सीडर, बेलर व स्ट्रॉ रेक कृषि यंत्रो के लिए भौतिक सत्यापन करवाया गया था उनका लगभग 06 करोड़ 23 लाख 30 हजार रुपए की राशि डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के खातो जारी की गई है। उन 07 किसानों को भी 05 लाख 14 हजार रुपए की अनुदान राशि विभाग द्वारा जारी की गई है। किसानों को कृषि यंत्रों पर 70 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, ताकि किसान कृषि यंत्र खरीद फसल अवशेषों को जलाने की बजाय मिट्टी में ही मिला सके। इस स्कीम को लेकर जारी की गई राशि के संदर्भ में अगर किसी किसान को कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो वह किसी भी कार्य दिवस पर उप-निदेशक कार्यालय व सहायक कृषि अभियंता कार्यालय आकर या फिर इन 8053664486, 9468351298 पर संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत ही किसानों को अपनी फसलों के अवशेषों को रोटावेटर या सुपर सीडर आदि से मिट्टी में मिलाने या बेलर मशीन से अवशेषों की गाठ बनवाने पर 01 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# डीसी ने अधिकारियों संग ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था जांची

### एसडीएम दर्शन कुमार व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा मौजूद रहे।

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि वर्षा के दिनों में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों द्वारा तैयारियां की गई है। इसके साथ-साथ सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है उसके दृष्टिगत वे पहले से ही पम्पों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। उपायुक्त सिंचाई विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, एनएचएआई व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमीशनर विरेन्द्र लाठर, एसडीएम दर्शन कुमार व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा मौजूद रहे।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विभिन्न ड्रेनों व नालों की सफाई






व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है, जो शेष बचा है उसे भी तीव्रता से किया जा रहा है।

विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले सैक्टर 7 के नजदीक रेलवे क्षेत्र से गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सम्बन्धित अधिकारी ने उन्हें अवगत करवाया कि यहां पर रेलवे सम्बन्धित तीन स्पैन/पुलियां थी जिन्हें साफ करवा दिया गया है। इसके उपरांत उन्होंने सैक्टर 23 वाटिका के नजदीक भी गुजर रहे नाले का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर जनरेटर व पम्प की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि निर्बाध रूप से बरसाती पानी की निकासी हो सके। उन्होंने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने पंडित दीन-दयाल उपाध्याय चौक के नजदीक जन स्वास्थ्य विभाग के पम्प की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने यहां पर भी पम्प व जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि पानी सुगमता से यहां से निकल सके। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में मानव चौक के नजदीक गुजर रही नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर जो पाईप लाईन लीक हो रही है उसे तुरंत दुरूस्त करना सुनिश्चित करें।

## वार्ड-6 में नई पाइपलाइन बनी मुसीबत, कई घरों में आईं दरारें



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री /(मैनपाल कश्यप)** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इंद्री के वार्ड-6 में बिछाई जा रही नई पेयजल पाइपलाइन अब क्षेत्रवासियों के लिए सिरदर्द बन गई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई के चलते इलाके के कई मकानों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। कुछ मकान तो ऐसे हैं कि कभी भी गिर सकते है। ऐसे में लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**स्थानीय निवासियों का दर्द :** वार्ड निवासी सुरेश व नरेश ने बताया कि पाइपलाइन की खुदाई शुरू होते ही उनके घरों की दीवारों में दरारें पड़नी शुरू हो गईं। स्थिति इतनी गंभीर है कि अब दीवारें कभी भी गिर सकती हैं। ऊपर से दो दिन से हो रही लगातार बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। लोगों ने विभाग पर लापरवाही व कार्य में देरी के आरोप लगाए हैं।

**धीमी गति और अनदेखी पर नाराजगी:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग द्वारा कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। यदि समय पर और सावधानीपूर्वक कार्य किया गया होता, तो आज इस तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होती। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित घरों का तुरंत निरीक्षण कर उन्हें राहत दी जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई हो।

**विभाग ने ठेकेदार पर फोड़ा ठीकरा:** इस मामले में जब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ अर्पित धीमान से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से जूनियर इंजीनियर द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया है। मकान मालिक से बातचीत में सामने आया कि मकान पहले से ही मरम्मत किया हुआ था। उनमे पहले ही मिटटी डालकर भरकर बंद कर दिया गया था और अभी पाइपलाइन चालू भी नहीं हुई है।

## एंटी ड्रग पखवाड़े के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**

**थानेसर:** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार एंटी ड्रग पखवाड़े के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन एंटी ड्रग व एंटी टोबैको कमेटी द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक एवम गैर - शिक्षण कर्मचारी एवम सौ से ज्यादा छात्राओं ने नशा मुक्त भारत बनाने की प्रतिज्ञा ग्रहण की । नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में जन जागरूकता के प्रयास समाज को नया संदेश दे रहे हैं । इस दौरान महाविध्यालय प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने छात्राओं को नशे की लत खासतौर पर ड्रग के



परिणावस्वरूप होने वाले गंभीर नुकसा के बारे में बताते हुए कहा कि नशे के कारण व्यक्ति का सामाजिक नैतिक व आर्थिक पतन होता है। इसलिए हमें समस्त नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करना है। इस अवसर एंटी ड्रग कमेटी के सदस्य डॉ सुनील थुआ विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## बारिश से साईं कॉलोनी में जलभराव, लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल

**जलभराव**

□ हल्की बारिश में भी पानी की निकासी नहीं हो पाती और सड़कों पर कीचड़ व पानी भर जाता है।

**रादौर/(कुलदीप सैनी)** : बुधवार की अल सुबह से शुरू हुई बारिश दोपहर तक लगातार जारी रही, जिससे मौसम तो सुहावना हो गया, लेकिन शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। बारिश के कारण शहर की साईं कॉलोनी सहित अन्य इलाकों में लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। साईं कॉलोनी की गलियों में बारिश का पानी जमा हो गया, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया।

स्थानीय निवासी मनोज कुमार, बलबीर सैनी, बिट्टू, शुभम, राजा सैनी, शांति देवी आदि ने बताया कि यह कॉलोनी वर्षों पुरानी है, लेकिन आज तक यहां की गलियों का पक्का निर्माण नहीं



कराया गया। जिससे हल्की बारिश में भी पानी की निकासी नहीं हो पाती और सड़कों पर कीचड़ व पानी भर जाता है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

वहीं, इस संबंध में जब नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बारिश के चलते शहर के कई निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके लिए सफाई कर्मचारी नालों की सफाई व पानी की निकासी में लगे हुए हैं। मेहता ने आश्वासन दिया कि बारिश के सीजन के बाद जिन इलाकों में पुलिया निर्माण और मरम्मत की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। चेयरमैन मेहता ने स्थानीय से अपील की है कि वे पॉलिथीन और कचरे को नालियों में न फेंके, ताकि जल निकासी में बाधा न आए और ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

## मेयर की अगुवाई में सिविल अस्पताल परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन की अगुवाई में सिविल हस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत विशेषकर पार्किंग परिसर में लगा गंदगी का अम्बार साफ किया गया और परिसर में खड़ी 5 - 6 फुट लम्बी घास भी कटवाई गई। अभियान में डॉक्टर संदीप लठवाल भी साथ रहे। राजीव जैन नगर निगम की पूरी टीम लेकर बुधवार सुबह सिविल हस्पताल पंहुचे और



साथ लगकर एक घंटे तक सफाई शुरू करवाई। उन्होंने बंद पड़े शौचालय को भी खुलवाने के निर्देश दिए ताकि यह शौचालय हस्पताल में आने वाले नागरिकों के साथ साथ सामने मेडिसन मार्किट वाले दुकानदारों के भी काम आ सके। मेयर ने घर घर कूड़ा उठाने

**अभियान**

□ अस्पताल में बंद पड़े शौचालय को भी खुलवाने के सख्त निर्देश दिए गए है।

वाली कम्पनी जे बी एम् के अधिकारियों को भी मोके पर बुलाकर हस्पताल परिसर से रोजाना कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल हस्पताल के सफाई कर्मी एवं डॉक्टरों से भी अपील की कि एक महीने में एक बार हस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान अवश्य चलाये ताकि परिसर साफ सुथरा रह सके। इसके बाद राजीव जैन सुदामा नगर की गली नंबर पांच में पंहुचे जंहा नागरिकों ने गली सड़क से नीची होने के कारण जलभराव की समस्या रखी। उन्होंने तुरंत मोके पर जे सी बी बुलाकर गली से ड्रेन नंबर 6 तक अस्थायी नाला बनवा दिया ताकि बरसात में जलभराव ना हो।

## इंद्री में भादसो सब यूनिट का चुनाव संपन्न, महेंद्र सिंह बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):** आल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन हरियाणा के तहत सर्व कर्मचारी संघ की भादसो सब यूनिट का चुनाव मंगलवार को शांति एवं सुव्यवस्था के साथ संपन्न हुआ। चुनाव की देखरेख यूनिट प्रधान राजीव राठी, यूनिट सचिव शंटी कांबोज, यूनिट कैशियर राजेश, राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह, नरेश मेहला, सिटी यूनिट सचिव जगमाल, करनाल ब्लॉक प्रधान भाग सिंह व अमीन प्रधान देवेन्द्र ने की। चुनाव में सर्वसम्मति से महेंद्र सिंह (जे.ई.) को सब यूनिट प्रधान चुना गया। इसके साथ ही उप प्रधान



पद पर सुनील दत्त, सचिव पद पर सुमित भोजी, सह सचिव के रूप में ऋषिपाल (ए.एफ.एम.) और कैशियर पद पर कर्मवीर शर्मा का चयन हुआ। चुनाव के बाद राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के हित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे आगामी 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सक्रिय भागीदारी करें ताकि कर्मचारी हितों की रक्षा की जा सके।

## फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो आरोपित

**सोनीपत :** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार व हितेश निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मधुबनी बिहार निवासी दीपक ने गत 23 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मंगल ढाबे पर काम करता है।

सोमवार को दीपक ढाबे पर बैठकर मोबाइल बात कर रहा था। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से काले रंग की बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उनका मोबाइल को छीनने की कोशिश की।

## सांकेतिक धरणा देकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**बुधवार** को खरखौदा संघर्ष कमेटी द्वारा मास्टर महेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता और हंसराज राणा फिरोजपुर के संचालन में खरखौदा में एक दिन का सांकेतिक धरणा एसडीएम कार्यालय के गेट पर दिया गया। इसी को लेकर इससे पहले भी 3 बार इसी संबंध में पंचायत हो चुकी है। उनका कहना हैं कि हमारे खरखौदा क्षेत्र व आसपास के गांवों को सोनीपत जिले में ही रखा जाए। क्यों कि हमारी जनसुविधाएं और जनभावना सोनीपत जिले में ठीक है । इस संबंध में पारित प्रस्ताव खरखोदा



ब्लॉक के सभी गाँव अपने ग्रामसभा के साथ लगातार दे रहे है।

वही संघर्ष कमेटी के सदस्यों द्वारा हाथ उठाकर सर्वसम्मति से मोहन लाल बडौली के खरखोदा वासीयो को मंगता कहने के विरोध में उनकी घोर निंदा की। सभी वक्ताओं ने खरखौदा क्षेत्र को गुपचुप तरीके से नए गोहाना जिले में शामिल किए जाने का घोर विरोध किया। धरने को अनेकों वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को एसडीएम खरखौदा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए ज्ञापन को डीसी सोनीपत के माध्यम से सरकार तक भिजवा दिया जाएगा। इस अवसर पर शेर सिंह दहिया पीपली, कृष्ण सिसाना, दिलबाग धानक रोहणा, मास्टर राजेंद्र सिंह खांडा, सुमेर गोपालपुर, डॉ इंद्रजीत सोहटी, रामकंवार कुण्डल, सुरेश जटौला, सुमित कवाली, बिजेंद्र तुर्कपुर, जय सिंह थाना कलां, यशु मंडोरा, नितिन थाना खुर्द, पृथी सिंह झरोठ, राजेश बरोना, दीपक आदि मौजूद रहे।

## छात्रों में सहयोग की भावना विकसित कर सकते है शिक्षक : जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में क्लासरूम मैनेजमेंट (कक्षा प्रबंधन) विषय पर विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या मीनाक्षी खुराना व रिसोर्स पर्सन प्रेरणा ध्रुव ने दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने कहा कि कक्षा का वातावरण विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया पर सीधा प्रभाव डालता है। प्रभावी कक्षा प्रबंधन से शिक्षक न केवल पढ़ाई को रोचक बना सकते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मनियंत्रण, उत्तरदायित्व और



सहयोग की भावना भी विकसित कर सकते हैं। इस दौरान रिसोर्स पर्सन प्रेरणा ध्रुव ने क्लासरूम मैनेजमेंट के आधुनिक दृष्टिकोण पर विशेष रूप से बल दिया गया। उन्होंने कक्षा में अनुशासन बनाए रखने, समय का सही उपयोग करने, छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और शिक्षक-छात्र संवाद को प्रभावशाली बनाने की विभिन्न तकनीकों पर भी चर्चा की। साथ ही शिक्षकों को कई इंटरैक्टिव गतिविधियों, उदाहरणों और व्यावहारिक रणनीतियों के माध्यम से सिखाया।

रिसोर्स पर्सन प्रेरणा ध्रुव ने कहा कि कक्षा प्रबंधन से तात्पर्य उन तकनीकों और कौशलों से है

□ ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में 'क्लासरूम मैनेजमेंट' विषय पर विशेष वर्कशॉप का आयोजन, रिसोर्स पर्सन प्रेरणा ध्रुव ने शिक्षकों का किया मार्गदर्शन

जिनका उपयोग शिक्षक छात्रों के उचित व्यवहार को बनाने और बनाए रखने में करते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा प्रबंधन एक ऐसा वातावरण बनाता है जो सीखने के लिए अनुकूल है। अच्छे कक्षा प्रबंधन का अभ्यास करने वाले शिक्षक न केवल अपने छात्रों से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए बल्कि अपने काम से अधिक संतुष्टि प्राप्त करने के लिए खुद को तैयार करते हैं। शिक्षक का कक्षा प्रबंधन दृष्टिकोण उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शिक्षक की अपनी विषय सामग्री की समझ। एक अच्छी तरह से प्रबंधित कक्षा में छात्र समझते हैं कि उनसे क्या अपेक्षा है, जिससे उनके लिए पूरे वर्ष लक्ष्य निर्धारित करना और प्राप्त करना आसान हो जाता है। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने रिसोर्स पर्सन प्रेरणा ध्रुव को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत बनी, बल्कि उनके शैक्षिक कौशल को और निखारने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किया।

## मोहर्रम का चांद देखते ही शिया समुदाय में शुरू होगा मातम और मजलिसों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):** मोहर्रम का चांद नजर आते ही शिया समुदाय के लोग गमगीन हो जाते हैं और मातम, मजलिसों का आयोजन कर अपने इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि देते हैं। अंजुमन यादगारें हुसैनी के संयोजक रजा अब्बास ने बताया कि शिया महिलाएं और लड़कियां इस दौरान अपने हाथों की चूड़ियां और गहने उतार देती हैं और करीब दो महीने आठ दिन तक शोक मनाती हैं।

रजा अब्बास ने कहा कि मोहर्रम कोई त्योहार नहीं बल्कि शोक का महीना है। यह मोहर्रम हुसैनी मिशन को आगे बढ़ाने का नाम है। मोहर्रम हमें समाज में फैली



बुराइयों के खिलाफ खड़ा होना, जालिमों के आगे सिर न झुकाना, इस्लाम की राह में सब कुछ कुर्बान कर देना और इंसानियत की भलाई के लिए हर समय तैयार रहना सिखाता है। मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है, जिसे खासतौर पर इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कर्बला में शहादत की याद में मातम के रूप में मनाया जाता है। जैसे ही मोहर्रम का चांद दिखाई देता है, पूरी दुनिया में शिया समुदाय के लोग मजलिस और मातम करके अपने इमाम को पुरसा अर्पित करते हैं। रजा अब्बास ने बताया कि इमाम हुसैन ने पूरी दुनिया को मोहब्बत, अमन और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया था। इमाम हुसैन सिर्फ एक कौम के नहीं थे, बल्कि सभी इंसानियत के लिए प्रेरणा हैं।

# विधायक ने नालों की सफाई कार्य का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**निरीक्षण**

**जलभराव से निपटने के लिए नगरपालिका ने शहर में नालों की सफाई का अभियान शुरू किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** बरसात से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका ने शहर में नालों की सफाई का अभियान शुरू किया है। बुधवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उनके



साथ नगरपालिका अधिकारी मौजूद रहे। कादियान ने सफाई कर्मियों को सही तरीके से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सिल्ट की गहराई से सफाई समय पर पूरी होनी चाहिए, ताकि बरसात में जल निकासी बाधित न हो। उन्होंने शहर के लोगों से अपील करी कि वे नालों में कचरा न डालें और नगरपालिका का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर सफाई से जुड़ी समस्याएं जानीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।-20 लाख होंगे खर्च
नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि नालों की सफाई पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। शहर के अधिकतर हिस्सों में सफाई का काम पूरा हो चुका है। फिलहाल रेलवे रोड पर सफाई चल रही है। इसके बाद जनता स्कूल रोड के नालों की सफाई होगी। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग भी अपने अधीन नालों की सफाई करवा रहा है।

-नए सिरे से होगा नालों का निर्माण
विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि शहर में जल निकासी की व्यवस्था मजबूत की जाएगी। मानसून के बाद जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे रोड पर बने पुराने नालों का नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। इन नालों से अब पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पाती। नए सिरे से निर्माण होने के बाद इस समस्या से निजात मिलेगी।

# गन्नौर-सोनीपत सड़क मार्ग पर बने अंडरपास में भरे पानी को सक्शन पंप से बाहर निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर-सोनीपत सड़क मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बने अंडरपास में जलभराव होने से वाहन चालकों की आवजाही प्रभावित हो गई। इस समस्या को देखते हुए राजलू गढ़ी गांव के पास हरियाणा स्टेट रोड एंड ब्रिज डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एचएसआरडीसी) द्वारा बुधवार को अंडरपास में भरे पानी को सक्शन पंप की मदद से बाहर निकलवाया। जिससे वाहन चालकों की अवाजाही सुचारू हुई।
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बने कंटेनर डिपो को पानीपत-अंबाला रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के पास सोनीपत-गन्नौर मार्ग पर रेलवे लाइन बिछाने के बाद इस अंडरपास का निर्माण किया गया



था। अंडरपास में बिना बरसात के ही पानी भरने लग जाता है।
इसका मुख्य कारण अंडरपास की दिवार और पिलर के बीच में दरार आना है। जिनमें से खेतों का पानी का रिसाव होता है अंडरपास में जमा होने लगता है। इसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।
बुधवार को विभाग द्वारा सक्शन पंप मंगवा कर पानी की निकासी करवा दी गई।

-दरारों को सील करने का कार्य शुरू
एचआरडीसी के एसडीओ नरेश ने बताया कि पानी लीकेज को रोकने के लिए दीवार व पीलर की बीच आई दरारों पर सीलिंग का कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक जगह से खेतों का रास्ता छोड़ा गया था, वहां से भी पानी अंडरपास में आ जाता था। विभाग द्वारा अब उस रास्ते को भी बंद कर दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### घर में घुसकर आभूषण और सूट चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**गन्नौर।** बड़ी थाना पुलिस ने घर में घुसकर अलमारी से आभूषण और सूट चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला सोनीपत जिले की रहने वाली है। थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 23 जून की रात उसकी पड़ोसन ने उसके घर में घुसकर कमरे की अलमारी से करीब आधे तोले का सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पाजेब और अन्य सामान चोरी कर लिया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित से तीन सूट बरामद किए गए हैं। महिला को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व मंत्री गोपाल कांडा ने आपातकाल विरोधी संघर्ष के नायकों को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सिरसा, (रणबीर खटक)पूर्व मंत्री** एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख गोपाल कांडा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज आपातकाल विरोधी संघर्ष के सभी नायकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि उन सभी महान विभूतियों की बदौलत ही लोकतंत्र जिंदा रहा। गोपाल कांडा व गोबिंद कांडा ने आपातकाल का पुरजोर विरोध करने वाले अपने पिता स्वर्गीय बाबू मुरलीधर कांडा एडवोकेट का भी भावपूर्ण स्मरण किया। आपातकाल विरोधी सेनानी के रूप में बाबू मुरलीधर कांडा को सरकार से मिले ताम्रपत्र सम्मान का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कांडा बंधुओं ने कहा कि पिता जी को मिला ताम्र पत्र सम्मान पूरे कांडा परिवार के लिए प्रेरणा और ऊर्जा जा स्रोत है।
जारी किए वक्तव्य में पूर्व मंत्री गोपाल कांडा और वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने देश में इमरजेंसी यानी कि आपातकाल लगाने की घोषणा की थी, जो मार्च 1977 तक चली थी। देश के काले अध्याय के रूप में देखे जाने वाले इस दुर्भाग्यपूर्ण काल के 50 साल पूरे हुए हैं। उस समय देश के नागरिकों की स्वतंत्रता में कटौती की गई, जनता को प्रताड़ना सहनी पड़ी थी, उसे याद कर आज भी लोग सहम जाते हैं। इमरजेंसी के दौरान विपक्षी पार्टियों के नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था।
गोपाल कांडा और गोबिंद कांडा ने कहा कि उस समय कांग्रेस और स्वयं को सत्ता में काबिज रखने की सोच के साथ इंदिरा गांधी ने आपातकाल थोपने का काम किया। लोकतंत्र का गला घोंटने की सोच को लागू किया। उन्होंने कहा कि पिता जी बाबू श्री मुरलीधर जी कांडा एडवोकेट ने भी आपात काल का डटकर विरोध किया। समर्पित स्वयं सेवक और जनसंघ के प्रमुख नेताओं में शामिल पिता जी बाबू मुरलीधर कांडा को गिरफ्तार कर लिया गया। काफी यातनाएं दी गईं। लेकिन मां भारती के इस लाल ने सभी प्रताड़नाओं को सहा। आज इस काले दिन के पचास साल पूरे हुए हैं। पिता जी ने उस दौरान जेल में रहते हुए, विपरीत परिस्थितियों में, संकटकाल में कैसे डट कर, अडिग रहकर खुद को मजबूत रखा जाए यह शिक्षा दी। कांडा बंधुओं ने कहा कि पिता जी के क्रांतिकारी विचार, राष्ट्रभक्ति, गौसेवा, जन जन को समर्पित जीवन पूरे कांडा परिवार का मार्गदर्शन करता है और करता रहेगा। आपातकाल आंदोलन के लिए सरकार द्वारा आपको दिया गया यह ताम्र पत्र हमारे लिए प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत है।

### वर्क फ्रॉम होम के जरिए, महिला को 96 हजार रुपए का चूना लगाने के मामले में दो आरोपी अलवर राजस्थान से काबू ?

**सिरसा (रणबीर खटक)**पुलिस ने एक बड़ा खुलासा करते हुए वर्क फ्रॉम होम के जरिए महिला को 96 हजार रुपये का चूना लगाने वाले दो आरोपियों को अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोनू पुत्र किशन लाल वासी लीली जिला अलवर व कपिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश वासी उपला सौनावा अलवर राजस्थान के रूप में हुई है, । पीड़ित महिला वासी फूलकां को अज्ञात नंबरों से कॉल आई थी, और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि हम नटराज पेंसिल कंपनी की ओर से बोल रहे हैं । यदि आप घर बैठे वर्क फ्रॉम होम के जरिए लाखों रुपए कमाना चाहते है तो हमारी कंपनी ज्वाइन कर सकते हैं जिसमें घर बैठे आपको पेंसिल पैकिंग वर्क फ्रॉम होम के जरिए घर बैठे लाखों रुपए कमा सकते हो । उप नि0 सुभाष चन्द्र साईबर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित महिला साइबर अपराधियों के लुभाने ऑफर में आकर कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में पड़ गई और इन्वेस्टमेंट के नाम पर 96 हजार रूपए की राशि लूटा बैठी ।

# धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से भाईचारे की भावना बढ़ती है: गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अमावस्या पर बुधवार को राई हलके के गांव ताजपुर में प्याऊ का उद्घाटन विधायक कृष्णा गहलावत ने किया। इसके बाद सेरसा गांव में भंडारे में प्रसाद वितरण कर भंडारे की शुरूआत की। विधायक कृष्णा गहलावत ने प्याऊ लगाने के कार्य की सराहना की। विधायक गहलावत ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में भाईचारे की भावना के साथ धार्मिक भावना बढ़ती है। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही सराहनीय काम है। गर्मी में प्याऊ लगाने से बहुत फल मिलता है। इससे राहगीरों को पीने का ठंडा पानी मिलेगा। गहलावत ने इस मौके पर ग्रामीणों की समस्या सुनी। जिनकास मौके पर



समाधान करते हुए विधायक ने अधिकारियों को काम पूरा करने के बाद अवगत कराने के आदेश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हलके के लोगों की समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर अंकित मुरथल, सुरेन्द्र सरपंच, विनोद त्यागी, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, युवा नेता अनिल आंतिल, मास्टर सतनारायण आंतिल, प्रमोद त्यागी, सुभाष त्यागी, राजेन्द्र, बसंत त्यागी, सुरेन्द्र सरपंच सेरसा, अनिल, विजय, राकेश आदि मौजूद थे।

# जमीन विवाद को लेकर झगड़े में सगे भाई ने भाई को चोट मारी, पुलिस को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जमीन विवाद को लेकर खेड़ी गुज्जर गांव में सगे भाई ने अपने भाई के सिर में हमला करते हुए उंगली तोड़ दी। घायल ने मेडीकल करवाने के बाद पुलिस को कार्रवाई के लिए शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में निरंजन ने बताया कि उनके पांचों भाईयों की जमीन की खेवट इकठी है। उसके भाई धर्मसिंह ने सभी के हिस्से की पहले तो मिट्टी बेच दी। 18 जून को जब वह अपने खेत में गया तो धर्म सिंह व उसका लड़का खेत में डोली निकालने का काम कर रहे थे। जब मैने डोली निकालने का विरोध किया तो उसके भाई व भतीजे ने सिर पर वार करते हुए हाथ की उंगुली



तोड़ दी। शिकायत में आरोप है कि उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर पूरा मामला पूछा और परिजन उसे उपचार के लिए खानपुर मेडीकल ले गए। अब ठीक होने के बाद पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ।

# छछरोली के पास नेशनल हाइवे पर गिरा पेड़, ट्रैफिक हुई बाधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर , 25जून (धर्मबीर)-** जगाधरी पोंटा साहिब नेशनल हाइवे पर छछरौली के पास तेज बरसात के दौरान एक भारी-भरकम पेड़ गिर गया। हाइवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक बाधित होने की सूचना मिलने पर छछरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मी पेड़ को हटाने का प्रयास कर रहे थे। काम में देरी होते देख थाना प्रभारी ने खुद कुल्हाड़ा लेकर पेड़ पर चलाना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी को कुल्हाड़ा चलाता देख सब हैरान रह गए। चंद मिनटों में पेड़ को काटकर साइड किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की



भलाई के कार्य करने के लिए वह हर समय तत्पर हैं। पेड़ गिरने से ट्रैफिक बाधित हुई थी जिसे यदि ज्यादा समय लगता तो काफी परेशानी होती जिसके चलते उन्होने स्वंय मोर्चा संभाला। इससे पहले बिलासपुर थाना प्रभारी रहते सोम नदी में फंसे मुलाना यूनिवर्सिटी के छात्रों को निकालने में भी जगदीश चंद्र अपनी जान जोखिम में डालकर निकालकर लेकर आए थे।

# कृष्णा गहलावत ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने रोहतक पहुंचकर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी (91 वर्षीय) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। विधायक गहलावत ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विधायक गहलावत ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि माता परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और उन्होंने हमेशा



समाज व गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। इसके बाद विधायक गहलावत ने रोहतक में पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा की भाभी राजवंती के निधन पर शोक जताया। विधायक गहलावत ने भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना कि और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि स्वर्गीय राजवंती बहुत ही धार्मिक विचारों वाली थी।

# खेत से सरिया चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने खेत से सरिया चोरी करने की घटना में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुरेश निवासी अगवानपुर और विजय निवासी गुमड़ के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि गांव अगवानपुर निवासी ईश्वर ने शिकायत दी थी कि वह अपने खेत में दादा थान का निर्माण करवा रहा था, तभी 24 जून की रात तीन युवक सरिया चोरी कर ले गए। दो आरोपितों को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि तीसरा आरोपी साहिल फरार हो गया। पुलिस ने आरोपितों से चोरी में प्रयुक्त बाइक और सरिया बरामद कर लिया है।

# प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से नहीं अछूता : रणबीर गंगवा

**प्रेसवार्ता**

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। पिछले 11 साल में हुए ऐतिहासिक निर्णयों व विकास कार्यों की बदौलत आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बना है और जल्द ही हम दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होंगे।




यह बात कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठद्द नेता अशोक गुज्जर, जिला अध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक रामचंद कंबोज, जगदीश चोपड़ा, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, प्रदीप रातुसरिया आदि गणमान्य उपस्थित थे।
कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास के साथ सबका विश्वास जीतने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत की अलग पहचान बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान से आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था में शामिल हो गया है। भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।विकास को लेकर पूछे गए सवाल पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश में पिछले 11 साल में अनेकों जनहितैषी कार्य हुए हैं। आज प्रदेश का कोई क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चारों ओर सडकों जाल बिछा हुआ है। प्रदेश का कोई ऐसा जिला नहीं है, जो हाइवे से ना जुड़ता हो। इस प्रकार से विकास कार्यों की कोई कमी नहीं और आगे भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे। गांव में शहरी तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# सिरसा के प्रतापगढ़ क्रिकेट ग्राउंड में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**खेल को समर्पित जोश, श्रद्धा और स्मृति का अनूठा संगम प्रतापगढ़ क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित विशाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में देखने को मिला । समापन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस महासचिव मोहित शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आयोजकों को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। मोहित शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लखेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, यह युवाओं को अनुशासन, सम्मान और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों



को जीवन का हिस्सा बनाएं और नशे व गलत संगत से दूर रहें। मोहित शर्मा ने कहा कि स्व. पं. होशियारी लाल शर्मा की स्मृति में हुआ यह आयोजन प्रेरणादायक है। उनकी सोच और संस्कार आज भी युवाओं को मार्गदर्शन दे रहे हैं। समापन समारोह के दौरान विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद राशि सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

# बेसहारा पशुओं को न पकड़े जाने को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने दिखाई सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ** बेसहारा पशुओं को पकड़कर निर्धारित उचित स्थानों पर पहुंचाने के कार्य में ढिलाई बरतने पर एसडीएम राजेश खोथ ने नगर परिषद के अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि यह मामला सीधे तौर से जनहित से जुड़ा हुआ है, इसलिए आगामी 15 जुलाई तक शहर को बेसहारा पशु मुक्त करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
एसडीएम राजेश खोथ बुधवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर को बेसहारा पशु मुक्त करने के



लिए 15 जून 2025 तक की समय अवधि निर्धारित की गई थी,लेकिन अभी तक 2500 में से मात्र 1013 बेसहारा पशुओं को ही पकड़ा गया है। आगामी 15 जुलाई तक इस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए एक विशेष मेगा अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए भी अभियान चलाने के निर्देश दिए।
विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारी साइटों की संयुक्त रूप से करें विजिट: एसडीएम ने विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संयुक्त रूप से निर्माण अधीन विकास कार्यों के स्थलों की समय-समय पर विजिट करें ताकि विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो सके। पंचायती राज विभाग के एसडीओ पृथ्वीराज सुथार ने एसडीएम को बताया कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत 56 विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिनमें से 43 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, 12 निर्माण अधीन है तथा एक कार्य नॉट फिजिबल पाया गया है। इसी प्रकार से एमपी लैड योजना के तहत 34 विकास कार्य होने थे जिन में से 29 पूर्ण हो चुके हैं तथा पांच विकास कार्य निर्माण अधीन है। उन्होंने कहा कि निर्माण अधीन विकास कार्यों को भी तेजी से पूरा करवाया जा रहा है।
शहर में कही भी न हो जल भराव : एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में शहर में किसी भी जगह जल भराव नहीं होना चाहिए। इसके लिए तमाम व्यवस्थाएं पूर्ण करके रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नालों तथा सीवरों की साफ- सफाई का जो कार्य शेष है उसे शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सीवरों में पॉलिथीन व अन्य ठोस कूड़ा करकट के प्रवेश की रोकथाम के लिए आवश्यकता अनुसार जाली लगाएं । उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को अनाज मंडी परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए प्रयासरत है एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया : अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन का भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान संपूर्ण भारतवर्ष में विगत आठ वर्षों से चल रहा है, जिसके अंतर्गत लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है, फाउंडेशन भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयासरत है।
उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देशभर सत्यनिष्ठा शपथ अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से सच्चाई और ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। नरेंद्र अरोड़ा ने ये विचार फाउंडेशन द्वारा आयोजित टॉप लीडर्स एवं न्यू मेंबर्स सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में रखे।
टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स सम्मान समारोह में फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को सम्मानित किया गया और नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।
फाउंडेशन के नैशनल चीफ डायरेक्टर सतीश कुमार प्रजापत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और अध्यक्षता इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने की।
इस अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से प्रियंका राजीव गोयल, अशोक बजाज, सुदर्शन कंसल, हीरा लाल, विपिन गुप्ता, खुर्शीद आलम, संजय कुमार पुरी, मानव बत्रा, ममता रानी, एडवोकेट अनिल मलिक, महिंद्र कुमार छाबड़ा, शशि शर्मा, रणधीर सिंह, रमा तिवारी, संतोष तेजान, साहिल गर्ग, विजय पाल भाटिया, शुभम जांगड़ा, नीरज गुनियाना, प्रधान शाम कपूर, अमित कुमार, राकेश कुमार अरोड़ा, हर्षदीप, कीर्ति, डॉ राम कुमार, शमशेर सिंह को सम्मानित किया गया।

# चेयरमैन राठौर ने चलाया विशेष सफाई अभियान







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मुकुंदपुर वार्ड** के निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन से चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने अपने वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत क्षेत्र में सुबह से ही अलग-अलग जगहों पर निगम के कर्मियों द्वारा साफ-सफाई करवाई गई। मुकुंदपुर क्षेत्र के 60 फुटा रोड़ शमशान घाट के सामने सड़क का निर्माण कार्य खत्म होने के बाद बीच सड़क पर और नालियों में मलबा डाल दिया गया था, जो कि जेसीबी मशीन द्वारा उठवाया गया और पूरी सड़क पर झाड़ू लगाकर सड़क को चमकाया गया। इसके बाद जहांगीरपुरी क्षेत्र के ईई ब्लॉक की झुग्गियों के पीछे काफी लंबे समय से कूड़ा करकट जमा पड़ा हुआ था, जिससे कि मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक बनी हुई थी, वहां भी निगम द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से साफ करवाया गया और लोगों से भी अपील की गई कि अपने घरों का कूड़ा इस कदर खाली प्लाट या इधर-उधर न डाले बल्कि निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही ड़ाले। इसके बाद क्षेत्र स्थित जगराम चौक और बाबा मोहन राम कॉलोनी में भी विशेष अभियान के तहत निगम कर्मचारियों द्वारा पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई के साथ-साथ नालियों की गाद निकालने के बाद उनमें कीटनाशक दवाई व मच्छर मारने वाली दवाईयों का भी छिड़काव किया गया।

## भ्रष्टाचार के आंकड़े में डूबी आप को संरक्षण देने वाली भाजपा का गठजोड़ उजागर हो चुका है: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली के बहुचर्चित अस्पताल घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच के छिपे गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में डूबा केजरीवाल गैंग एक बार फिर सक्रिय हो गया है और झूठे उत्सव मना रहा है, जबकि यह समय उनके आत्मचिंतन और प्रायश्चित का है, क्योंकि दिल्ली में हार के बाद दिल्ली में इनके सक्रिय नेताओं द्वारा किए गये भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच के



आदेश जारी हो रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जैसे ही 24 अस्पतालों के निर्माण में हजारों करोड़ की लूट की जांच को मंजूरी मिली, केजरीवाल और उनके सहयोगी एकजुट होकर दिल्ली में अपनी साजिशों को फिर से जिंदा करने में लग गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में हार के बाद जो केजरीवाल, पंजाब से अपनी पार्टी को नियंत्रित कर रहे थे, अब भाजपा के आशीर्वाद से दिल्ली में अपने भ्रष्ट तंत्र को दोबारा सक्रिय कर रहे हैं। यह वही, केजरीवाल हैं जो विभिन्न घोटालों में मुख्य आरोपी होते हुए भी खुलेआम घूम रहे हैं, क्योंकि भाजपा उन्हें कांग्रेस के खिलाफ अपने राजनीतिक एजेंडे में उपयोग कर रही है। देवेन्द्र यादव ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ है कि 2018-19 में स्वीकृत 24 अस्पतालों की परियोजनाओं में जान-बूझ कर लागत बढ़ाई गई, संसाधनों का दुरुपयोग किया गया, और योजनाओं को अधूरा छोड़ दिया गया। जब कांग्रेस ने बार-बार इस घोटाले को उठाया, तब किसी ने संज्ञान नहीं लिया।
परंतु अब बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आने पर भाजपा को अचानक इस मामले की जांच याद आ गई।
यह कोई संयोग नहीं, बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है।

## शिक्षा को अधिकार नहीं व्यापार बनाने पर जोर दे रही भाजपा सरकार: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: इस वर्ष** के शिक्षा सत्र में दिल्ली के निजी स्कूलों ने लगभग 50% से 80% तक की बढ़ोत्तरी के चलते अभिभावक पहले ही परेशान थे अब फीडर स्कूलों के 10वीं पास बच्चों को दूसरे स्कूल दाखिला देने से मना कर रहे है। स्कूल प्रशासन की इस मनमानी से बच्चे और उनके माता-पिता अपने पसंदीदा कोर्स और स्कूल में दाखिला नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। इस मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि मौजूदा सरकार ने



छुट्टियों से पहले फीस वृद्धि करने वाले स्कूलो के खिलाफ एक बिल लाकर एक्शन की बात कही थी, लेकिन धरातल पर मामला जीरो है। निजी स्कूलों के बाद अब दिल्ली के सरकारी स्कूल और सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूलों की मनमानी भी खुलकर सामने आने से अभिभावक परेशान हो रहे हैं। दिल्ली के फीडर स्कूलों यानि घरों के नजदीक बने निगम या अन्य दूसरे 8वीं या10वीं तक के छोटे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब जब बड़े स्कूलों में10वीं के बाद पसंदीदा कोर्स में दाखिले के लिए जा रहें है तो स्कूलों द्वारा दाखिले से इनकार किया जा रहा है। जिससे ना सिर्फ छात्र को बल्कि उनके माता-पिता को परेशानी में डाल दिया है। सरकार है कि अभिभावकों की शिकायतों और अनुरोधों पर ध्यान नहीं दे रही है। जबकि एक समय मनमोहन सिंह की सरकार में एक अप्रैल 2010 को भारतीय संविधान में 21अ जोड़कर शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्थान दिया गया था और 2004-5 में कांग्रेस की ही शीला दीक्षित की सरकार ने तो ईडब्ल्यूएस लागू कर निजी स्कूलों में गरीब वर्गों से आने वाले बच्चों के लिए 25% का कोटा जरूरी कर दिया था ताकि गरीब, पीड़ित और वंचित वर्गों से आने वाले बच्चों को शिक्षा मिल सके और वो देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

# धीरपुर में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया निवारण दिवस का हुआ आयोजन










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वार्ड-14** धीरपुर के पाल चौपाल में निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया निवारण दिवस का एक अत्यंत सफल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को इन मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के उपायों के बारे में शिक्षित करना था।
कार्यक्रम में निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि दिल्ली सरकार के पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों से वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जिनमें स्वास्थ्य विभाग से डॉ. बबीता, मलेरिया विभाग से इंस्पेक्टर राजबीर, महावीर मलिक और एस. जी. अली जैसे प्रमुख सदस्य शामिल थे। सभी टीम सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।
स्थानीय निवासियों ने अपनी निगम पार्षद नेहा अग्रवाल का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया और उन्हें जनहित के कार्यों में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पाल चौपाल के अध्यक्ष श्रीराम चंद्र और धीरपुर आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। जिनमें अध्यक्ष शेर सिंह मलिक, मोहित सिसोदिया, दिलीप, श्याम बाबू, निरंकारी कॉलोनी से यशोदा, सुमित त्यागी, मनोज मल्होत्रा मौजी आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। इस जागरूकता अभियान में आम आदमी पार्टी, वार्ड 14 धीरपुर की मुख्य टीम ने भी अपनी पार्षद का पूरा साथ दिया। इनमें वार्ड अध्यक्ष दिनेश तंवर, मंडल अध्यक्ष निशा, पार्षद प्रतिनिधि मनप्रीत सिंह, युवा नेता अनुभव और रोहित राजपूत शामिल थे।
निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने सभी उपस्थित लोगों, अधिकारियों और अपनी टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को स्वस्थ रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम हमें बीमारियों से लड़ने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में मदद करते हैं।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के वजीरपुर जेजे कॉलोनी के पार्क में विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज द्वारा सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया और तुलसी मैया का पौधा भी लगाया गया। इस मौके भाजपा नेता अजय जिंगाला, भाजपा नेत्री गीता जिंगाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## व्यवसायिक लाइसेंस देने की प्रक्रिया को ज्यादा सरल व सुगम बनाएंगे: बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर** निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल ने दिल्ली सरकार के सात प्रकार के व्यवसायिक लाइसेंस को दिल्ली पुलिस की बजाय दिल्ली नगर निगम से मंजूरी देने के निर्णय को स्वागत योग्य बताया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रति आभार जताते हुए डिप्टी चेयरमैन बंसल ने कहा कि अब दिल्ली नगर निगम होटल, गेस्ट हाउस, स्विमिंग पूल, पार्लर, वीडियो गेम सेंटर, ऑडिटोरियम और मनोरंजन पार्क आदि खोलने का लाइसेंस दे सकेगी। इस निर्णय से अपना व्यवसाय करने वालों को आसानी हो सकेगी। डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जरिये व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इससे लाइसेंसिंग प्रक्रिया में बेहतर सुधार होगा और पारदर्शिता ज्यादा बनी रहेगी। इंस्पेक्टर राज पूरी तरीके से समाप्त हो जाएगा। मुकेश बंसल ने कहा कि जल्द ही इस मामले पर एमसीडी के सभी संबंधित विभाग के जोनल अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की जाएगी और इस प्रक्रिया को किस तरह से ज्यादा से ज्यादा सुगम, सरल और पारदर्शी बनाया जाए। इस पर चर्चा की जाएगी।

## ज्ञान आधार के अध्ययन केंद्रों पर योग से कैसे स्वस्थ्य रहे, इसकी दी गई जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ज्ञान आधार** संस्था ने विभिन्न स्लम क्षेत्रों में रहने वाले 300 बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। कई योग विशेषज्ञों ने योग कार्यशालाएँ आयोजित की। पूनम गंभीर और किरण ने ज्ञान आधार के अध्ययन केंद्र रजापुर गाँव (रोहिणी) में सत्र लिया। हिमानी वाधवा (योग विशेषज्ञ) ने ज्ञान आधार के अध्ययन केंद्र वजीरपुर गाँव के बच्चों के लिए सत्र लिया। करुणा आहूजा (औरा योग केंद्र) और योगेश कुमार



(विश्व योग जन उत्थान संस्थान) ने ज्ञान आधार के अध्ययन केंद्र शालीमार बाग और पीतमपुरा स्लम में रहने वाले बच्चों के लिए योग कक्षाएँ लीं। शेखर गुप्ता (पंच तत्व आनंद योग केंद्र) और कुमुद ने मोटे वाला बाग शालीमार बाग में इन बच्चों के लिए एक भव्य सत्र का आयोजन किया।

## सांसद मनोज तिवारी ने आपातकाल को बताया संविधान की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर पूर्वी** लोकसभा यमुना विहार पर सांसद मनोज तिवारी ने आपातकाल को बताया काला दिवस व संविधान की हत्या। इस मौके पर उत्तर-पूर्वी जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी, नवीन शाहदरा जिला अध्यक्ष, मास्टर विनोद कुमार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पूनम चौहान, आनंद त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान व विभिन्न संस्थानों से आये युवा मौजूद रहे। मनोज तिवारी ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो चुके है और



इसको भारत का काला दिवस भी कहा जाता है। तत्कालीन सत्ताधारी कांग्रेस ने 25 जून 1975 आपातकाल की घोषणा करो संविधान की हत्या करने का काम किया था। आज जो युवा पीढ़ी है जिनका उस वक़्त जन्म भी नहीं उनको ये पता होना चाहिए कि कैसे कांग्रेस ने संविधान कि हत्या करने का काम किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 25 जून 1975 को राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की। मनोज तिवारी ने बताया कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का प्रतीक था और इसे लागू करना इतिहास का काला दिन था। '25 जून, 1975 एक ऐसी तारीख है, जिसे हम सभी आपातकाल लागू करने के लिए याद करते हैं। इसे स्वतंत्र भारत के इतिहास में काला दिन कहा जाता है।

## आपातकाल ने दिया था गहरा जखम, जो कांग्रेस की बदौलत मिला: हरीश असड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** जिला में जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग की अगुवाई में आपातकाल 1975-1977 में मीसा बंदी के तहत बंद हुए बंदियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान चांदनी चौक से जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग, जिला प्रभारी राजेश भाटिया, पूर्व महापौर जय प्रकाश जेपी, लोकतंत्र प्रहरी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असड़ी सहित भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हरीश



असड़ी को जिलाध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस दौरान असडी ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो चुके है और इसको भारत का काला दिवस भी कहा जाता है। तत्कालीन सत्ताधारी कांग्रेस ने 25 जून 1975 आपातकाल की घोषणा कर संविधान की हत्या करने का काम किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 25 जून 1975 को राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की। इसके साथ ही अरविंद गर्ग ने बताया इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का प्रतीक था और इसे लागू करना इतिहास का काला दिन था। '25 जून, 1975 एक ऐसी तारीख है, जिसे हम सभी आपातकाल लागू करने के लिए याद करते हैं।
हम सब कांग्रेस के कुकृत्यों को देश की जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए दिख रहा उत्साह, अब तक 400 से अधिक खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण



**नई दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को लेकर दुनिया भर के निशानेबाजों में उत्साह दिख रहा है और अब तक इस लीग के लिए 400 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण करा लिया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने यह जानकारी दी है। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप: चेल्सी ने एस्पेरांस को 3-0 से हराया, नॉकआउट में बेनफिका से होगा मुकाबला


**फिलाडेल्फिया।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 में चेल्सी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप डी के अंतिम मुकाबले में एस्पेरांस डी ट्यूनिस को 3-0 से हराकर नॉकआउट (राउंड ऑफ 16) में जगह बना ली है। इस मुकाबले में चेल्सी की ओर से टोसीन अदराबायोयो, लियाम डेलैप और टायरिक जॉर्ज ने गोल दागे। चेल्सी ग्रुप डी में 7 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि फ्लेमेंगो ने लॉस एंजेलेस एफसी के खिलाफ 1-1 की बराबरी के साथ ग्रुप में टॉप किया। एस्पेरांस तीन अंकों के साथ तीसरे और एलएएफसी एक अंक के साथ सबसे नीचे रहा। अब चेल्सी का सामना शनिवार को ग्रुप सी की विजेता टीम बेनफिका से होगा। फ्लेमेंगो रविवार को मियामी में बायर्न म्यूनिख से भिड़ेगा, जो ग्रुप सी की उपविजेता रही। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने इस मुकाबले में अपने कई अहम खिलाड़ियों को आराम दिया, जिनमें कोल पामर और गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज प्रमुख रहे। इसके अलावा, स्ट्राइकर निकोलस जैक्सन पर दो मैचों का निलंबन चल रहा है, जिससे वह इस मुकाबले में भी नहीं खेले। 30 मिलियन पाउंड में इप्सविच टाउन से खरीदे गए लियाम डेलैप ने शुरूआती मिनटों में दो गोल के मौके गंवाए, लेकिन पहले हाफ के इंजुरी टाइम में अदराबायोयो के हेडर से टीम को बढ़त मिली। कुछ सेकंड बाद ही डेलैप ने गलती का सुधार करते हुए शानदार गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में चेल्सी ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और रक्षात्मक रूप से मजबूत नजर आई। अतिरिक्त समय में सब्स्टीट्यूट टायरिक जॉर्ज ने बॉक्स के बाहर से जबरदस्त शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया और जीत की औपचारिकता पूरी की।

# 148 साल में पहली बार! पांच शतक के बावजूद हारी टीम

## टीम इंडिया: कोहली की तरह ऋषभ के भी हाथ लगी निराशा

**नई दिल्ली :** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह हार इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि भारतीय टीम ने दोनों पारियों में अच्छी बल्लेबाजी की थी और इंग्लिश टीम के सामने चुनौतपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन इंग्लैंड ने एक दिन में 350 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस टेस्ट में भारत के नाम कई अनचाहे रिकॉर्ड भी बने। क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। 148 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम की ओर से एक टेस्ट में पांच शतक लगे और इसके बावजूद उस टीम को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 1928-29 की एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेलबर्न टेस्ट में चार शतक लगे थे। उसी मैच में डॉन ब्रैडमैन ने अपना पहला टेस्ट शतक (112 रन) भी बनाया था, लेकिन फिर भी ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली थी। वहीं, विराट कोहली की तरह ऋषभ पंत के नाम भी एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। साल 2000 के बाद टेस्ट में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब किसी भारतीय बल्लेबाज ने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया और भारतीय टीम वह मैच हार गई हो। पंत ने लीड्स की पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। वहीं, 2014 में एडिलेड में विराट कोहली ने पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। 371 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को इंग्लैंड के ओपनर्स ने ही बैकफुट पर धकेल दिया। बेन डकेट ने शतक लगाया, जबकि क्राउली ने अर्धशतक जड़ा। दिसंबर 2022 से डकेट टेस्ट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले ओपनर हैं। उन्होंने ऐसा 18 बार किया है। वहीं, यशस्वी जायसवाल 15 बार के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दरअसल, दिसंबर 2022 से इसलिए क्योंकि डकेट लंबे समय के लिए टीम से बाहर हुए थे और उनकी टीम में वापसी एक दिसंबर 2022 को हुई थी। इसके बाद से वह लगातार बड़ी पारियां खेल रहे हैं। डकेट ने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। यह छह शतक उन्होंने दिसंबर 2022 में वापसी के बाद ही लगाए हैं। वह दिसंबर 2022 से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले ओपनर भी हैं। इसके बाद पांच शतक के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। डकेट और क्राउली के बीच 188 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। साल 2022 से टेस्ट में इन दोनों ने सबसे ज्यादा चार बार शतकीय साझेदारी की है। उनकी और क्राउली की 188 रन की साझेदारी भारत के खिलाफ चौथी पारी में बेस्ट ओपनिंग साझेदारी है। इन दोनों ने 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले 1953 में वेस्टइंडीज के एलेन रे और जेफरे स्टोलमेयेर की ओपनिंग जोड़ी ने नाबाद 142 रन की साझेदारी की थी। इंग्लैंड ने 82 ओवर में 371 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया। उनका बैजबॉल फिर काम आया।

लीड्स टेस्ट मैच में 1673 रन बनाए गए जो इंग्लैंड में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। लीड्स में कुल मिलाकर सात शतक दर्ज किए गए। भारत ने अकेले इस टेस्ट में 835 रन बनाए। यह हार में किसी टीम द्वारा बनाया गया चौथा सर्वाधिक रन है। शीर्ष चार में से तीन इंग्लैंड के खिलाफ ही आए हैं। यह केवल दूसरा मौका था, जब भारत ने टेस्ट में 350+ का लक्ष्य रखा और हार गया। दोनों बार इंग्लैंड ने रिकॉर्ड रन-चेज करके भारत को चौंकाया है।




| रन (पहली पारी & दूसरी पारी) | खिलाड़ी | खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 115 & 141 | विराट कोहली | ऑस्ट्रेलिया | एडीलेड | 2014 |
| 134 & 118 | ऋषभ पंत | इंग्लैंड | लीड्स | 2025 |

### इंग्लैंड का 350+ रन चेज करते हुए रिकॉर्ड

इंग्लैंड खुद तीन बार चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर चुका है। इस टीम ने जुलाई, 2022 में बर्मिंघम में भारत के 378 रन के लक्ष्य को तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था। टीम ने 76.4 ओवर में ही यह स्कोर बना लिया था और 4.93 के रन रेट से रन बटोरे थे। हालांकि, तब टीम में बैजबॉल की नींव रखने वाले जॉनी बेयरस्टो हुआ करते थे। अब वह खराब फॉर्म की वजह से स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इस बार क्राउली और डकेट ने कमाल की बल्लेबाजी की। वहीं, अगस्त, 2019 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन के लक्ष्य को नौ विकेट गंवाकर हासिल किया था। हालांकि, लीड्स में ये रन बनाने में इंग्लैंड को 125.4 ओवर लग गए थे।

**इंग्लैंड में सबसे सफल लक्ष्य का पीछा:** ओवरऑल इंग्लैंड में सबसे सफल रन चेज की बात करें तो 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। वहीं, 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड का भारत के खिलाफ चेज इंग्लैंड में दूसरा सबसे सफल चेज है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड का 371 रन चेज करना तीसरा सबसे सफल चेज है।

## भारत को नहीं भा रहा गौतम गंभीर का अंदाज? पिछले नौ टेस्ट में से सिर्फ एक मैच जीत पाई टीम इंडिया




**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के टेस्ट में हार का सिलसिला जारी है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे पर पहले मुकाबले में भी शिकस्त मिली। हालांकि, अभी सीरीज की शुरूआत ही है और भारतीय टीम में वापसी का दमखम है, लेकिन लाल गेंद के प्रारूप में लगातार मिल रही हार से फैंस निराश हैं। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद भारतीय टीम टेस्ट में सिर्फ बांग्लादेश से अपने घर में 2-0 से सीरीज जीत पाई है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया को घरेलू मैदान पर 3-0 क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम 3-1 से सीरीज हार गई थी। अब इंग्लैंड में भी पांच मैचों की सीरीज में मेहमान टीम 1-0 से पीछे है। भारतीय टीम ने भले ही चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की हो, लेकिन लाल गेंद को क्रिकेट का असली प्रारूप माना जाता है और खुद गंभीर भी टेस्ट के महत्व के बारे में कई बार बात कर चुके हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है। फैंस का तो यहां तक कहना है कि सबसे लंबे प्रारूप में गंभीर की कोचिंग टीम इंडिया को नहीं जंच रही है। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद भारत ने नौ टेस्ट खेले और इसमें सिर्फ एक मैच जीत पाई है। भारतीय टीम ने पिछले साल जून में टी20 विश्व कप जीता था। फैंस को पिछले जून में जश्न मनाने का मौका मिला था। टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद राहुल द्रविड़ के कार्यकाल का अंत हुआ था और गौतम गंभीर ने मुख्य कोच के रूप में कदम रखा था। ऐसा माना जा रहा था कि वह अपने साथ एक नया दृष्टिकोण लाएंगे और भारतीय टीम और ज्यादा आक्रामक होकर खेलेगी। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ उनकी सफलता के बाद गंभीर की नियुक्ति ने फैंस के मन में उम्मीदें जगाई थीं। हालांकि, जुलाई में गंभीर के पद संभालने से लेकर अब तक टेस्ट में भारत की अप्रत्याशित हार की कल्पना किसी ने नहीं की थी।

सफेद गेंद के प्रारूप में भी चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़ दिया जाए तो टीम इंडिया का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। गंभीर की देखरेख में टीम इंडिया ने दो टी20 सीरीज, तीन वनडे सीरीज और चार टेस्ट सीरीज खेली है, जिसमें परिणाम मिले जुले रहे हैं। गंभीर ने टी20 सीरीज में अपने 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड को बनाए रखा है, लेकिन उनकी कोचिंग में टीम इंडिया को इस साल जनवरी में पहली वनडे सीरीज में जीत मिली।

# नीरज चोपड़ा ने जीता ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 का खिताब



**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** भारत के भाला फेंक सितारे और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को 64वें ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीत लिया। यह विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (गोल्ड लेवल) का प्रतिष्ठित आयोजन था। 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का शानदार थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के डोउ स्मिट 84.12 मीटर के साथ दूसरे और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.63 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह नीरज चोपड़ा की मौजूदा सत्र की तीसरी जीत है। प्रतियोगिता की शुरूआत नीरज ने एक फाउल थ्रो के साथ की थी। दूसरे प्रयास में उन्होंने 83.45 मीटर फेंका और फिर तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का थ्रो कर बढ़त बना ली। इसके बाद उनके चौथे, पांचवें और छठे प्रयास क्रमशः 82.17 मीटर, 81.01 मीटर और फाउल रहे। नीरज ने अपने सीजन की शुरूआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में हुई एक इनविटेशनल मीट से की थी, जहां उन्होंने 84.52 मीटर के थ्रो से जीत दर्ज की थी।

इसके बाद उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि, इस मुकाबले में वह जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे, जिन्होंने 91.06 मीटर फेंककर जीत हासिल की। बाद में पोलैंड के चॉजी में हुए जानुस्ज कुसोचिंस्की मेमोरियल में भी नीरज (84.14 मीटर) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वेबर ने 86.12 मीटर के थ्रो से पहला स्थान पाया। लेकिन पेरिस डायमंड लीग में नीरज ने वापसी करते हुए वेबर को पछाड़ा और अपने पहले ही प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो से खिताब जीता।

नीरज अब अगली बार 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतिरवा स्टेडियम में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह भारत में पहली बार होने वाली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता होगी। यह आयोजन नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में अब तक का सबसे उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन होगा।

## नेमार ने सैंटोस के साथ दिसंबर तक बढ़ाया अनुबंध

**साओ पाउलो।** ब्राजीलियाई स्टार फुटबॉलर नेमार ने अपने घरेलू क्लब सैंटोस एफसी के साथ अपना अनुबंध दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। क्लब में जनवरी 2025 के अंत में लौटने के बाद चोटों के कारण उनका योगदान सीमित रहा है। इसी सप्ताह समाप्त होने वाला था, जिसे अब छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। नेमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा,"मैंने सैंटोस के साथ अपना अनुबंध बढ़ा दिया है। मैं गया, वापस आया और वहीं रुका जहां सब कुछ शुरू हुआ था – और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा।" अनुबंध को 2026 विश्व कप तक क्यों नहीं बढ़ाया गया, इस पर न तो नेमार और न ही क्लब की ओर से कोई स्पष्टीकरण दिया गया। नए ब्राजील कोच कार्लो एंसेलोटी ने हाल ही में संकेत दिया था कि वह नेमार की फिटनेस पर भरोसा कर रहे हैं और उन्हें 2026 विश्व कप में खेलते देखना चाहते हैं। सैंटोस के लिए अपने पहले कार्यकाल (2009-2013) में नेमार ने 225 मैचों में 138 गोल किए थे और क्लब को 6 प्रमुख खिताब जिताने में मदद की थी।

## दो शतक लगाने वाले पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, गिल की शीर्ष-20 में एंट्री



**दुबई :** आईसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के आक्रामक विकेटकीपर ऋषभ पंत बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में दो शतक लगाए थे। इसके अलावा शुभमन गिल की भी शीर्ष-20 बल्लेबाजों में एंट्री हो गई है। टीम इंडिया को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बैजबॉल अंदाज में 82 ओवर में हासिल कर लिया। आईसीसी ने ताजा रैंकिंग इसके बाद ही जारी की है।

**पंत और गिल की रैंकिंग में सुधार:** लीड्स टेस्ट में दो पारियों में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पंत टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर चढ़ गए। 27 वर्षीय पंत से पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले एकमात्र विकेटकीपर थे। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने भी पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष 20 में पहुंच गए। वह 20वें स्थान पर हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के केवल तीन बल्लेबाज हैं। पंत और गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज हैं। यशस्वी ने भी लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाया था। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में 14वीं बार पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा है। 62 और 149 रन की पारी खेलने और इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बेन डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के साथी ओली पोप तीन पायदान ऊपर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ आठवें पायदान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण लाभ अर्जित किया। इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक बने हुए हैं, जबकि उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी हैरी ब्रूक हैं। ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन तीसरे स्थान पर हैं।

**टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा शीर्ष पर:** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स में बल्ले और गेंद दोनों से ठीकठाक प्रदर्शन किया था और वह टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स में भारत के रवींद्र जडेजा शीर्ष पर हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में उनके कई खिलाड़ियों ने बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में कुछ सुधार किए हैं।

## निकोलस जैक्सन पर रेड कार्ड के लिए दो मैचों का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** चेल्सी के स्ट्राइकर निकोलस जैक्सन को फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के दौरान फ्लेमिंगो के खिलाफ 3-1 से मिली हार में रेड कार्ड मिलने के बाद दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह फैसला फीफा की अनुशासन समिति ने लिया है। जैक्सन दूसरे हाफ में मैदान पर आने के महज चार मिनट बाद ही फ्लेमिंगो के खिलाड़ी आयर्टन लुकास पर खतरनाक स्टड्स-अप टैकल करने के कारण सीधे रेड कार्ड पा बैठे। यह उनका पिछले चार मुकाबलों में दूसरा रेड कार्ड है। 24 वर्षीय जैक्सन को शुरूआत में एक मैच का स्वतः निलंबन दिया गया था।

## पांच शतक के बावजूद टेस्ट मेच में हुई भारत की हार



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट इतिहास में एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। भारत ऐसी पहली टीम बन गई है जो पांच बल्लेबाजों के शतक के बावजूद कोई टेस्ट मैच हार गई हो। इससे पहले कभी भी किसी टीम को चार या उससे अधिक शतक लगने के बाद हार का सामना नहीं करना पड़ा था। यह रिकॉर्ड आखिरी बार 1928 में तब दर्ज हुआ था, जब ऑस्ट्रेलिया ने एमसीजी पर इंग्लैंड से हार झेली थी। यह ऐतिहासिक हार हेडिंग्ले टेस्ट में दर्ज हुई, जहां इंग्लैंड ने 371 रनों के लक्ष्य का पीछा कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस यादगार जीत के नायक रहे बेन डकेट, जिन्होंने मात्र 149 रन की विस्फोटक पारी खेलकर चेज की नींव रखी। डकेट ने जैक क्रॉली के साथ पहले विकेट के लिए 188 रनों की साझेदारी की। क्रॉली ने संयमित 65 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों को भारतीय फील्डिंग में मिले जीवनदान का भरपूर फायदा मिला – क्रॉली 42 पर और डकेट 97 पर जीवनदान पाकर आगे बढ़े। भारत की ओर से पांच बल्लेबाजों ने शतक जमाए, लेकिन गेंदबाजी और फील्डिंग में चूकों ने टीम को भारी नुकसान पहुंचाया। आखिरी दिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाते हुए भारत से जीत छीन ली। अब भारत को एजबेस्टन टेस्ट से पहले जल्दी संभलने की जरूरत है।

टीम चयन में बदलाव की संभावना है, खासकर जब कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर बेंच पर तैयार हैं। यह हार सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि भारत के लिए चेतावनी है कि केवल रन बनाना काफी नहीं – मौके भुनाना और गेंदबाजी में धार लाना भी उतना ही जरूरी है।

## नौ साल का चेंप तोड़ने वाला था कार्लसन का घमंड, समय की पाबंदी की वजह से मैच हुआ ड्रॉ



**नई दिल्ली :** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। इस तरह कार्लसन का घमंड चकनाचूर होने से बच गया। दरअसल, हाल ही में गुकेश ने जब उन्हें हराया था तो वह गुस्से से तिलमिला गए थे और आपा खोते हुए मेज पर रखे शतरंज पर हाथ पटक दिया था। बाद में विश्वनाथन आनंद ने कहा था कि कार्लसन खुद का दबदबा साबित करना चाहते थे कि विश्व चैंपियन मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो वह आगबबूला हो गए। आनंद ने कहा कि गुकेश से हारने के बाद कार्लसन की उग्र प्रतिक्रिया शायद इसलिए थी क्योंकि उन्होंने देखा कि खेल में उनके वर्चस्व को किसी युवा खिलाड़ी द्वारा चुनौती दी जा रही है। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। आरित ने पहले दो राउंड में जीत हासिल की है और वह बुधवार को अपना तीसरा गेम खेलेंगे। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर ह्यअर्ली टाइटल्ड ट्यूजडेह्व का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

**कौन हैं आरित कपिल ?:** आरित भारत के उभरते हुए सितारे हैं। उन्होंने पिछले साल सुर्खियां बटोरी थीं। प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के इस नौ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने पिछले साल ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने ड्क्क्ख्ळ इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट के नौवें दौर के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के 66 वर्षीय रासेत जियातदीनोव को हराकर यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को मिला एकमुश्त चावल

**बलौदाबाजार।** सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के राशन कार्ड धारकों को तीन माह का एकमुश्त चावल दिया जा रहा है। जिले के कुल 376111 राशन कार्ड धारियों में से अब तक 3 लाख कार्डधारियों को माह जून, जुलाई और अगस्त का चावल एकमुश्त वितरण किया गया है तथा शेष कार्डधारियों को 30 जून तक वितरित कर दिया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री जैसे शक़्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का प्रतिमाह पृथक पृथक वितरण किया जाएगा।जिले का पहुंचविहीन क्षेत्र में संचालित 9 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह जून, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 का भण्डारण कर एकमुश्त वितरण कराया जा रहा है ताकि बारिश में खाद्यान्न उठाव करने में राशन कार्डधारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## नवादा में वज्रपात से किसान की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव में बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई। धान का बिचड़ा खेत में डालने गए 55 वर्षीय किसान योगेंद्र सिंह की वज्रपात से मौत हो गई। योगेंद्र सिंह स्वर्गीय चंद्रिका सिंह के पुत्र थे। बारिश के बाद खेतों में जमा पानी से खेतों की जुताई के बाद धान बीज डालकर वापसी के क्रम में तेज बारिश आरंभ हो गयी। इस क्रम अचानक हुई वज्रपात की चपेट में आ गंभीर रूप से जख्मी हो बेहाश होकर गिर गये। जबतक खोजबीन की जाती उनकी मौत हो चुकी थी।

# पशुपालन को सशक्त बनाने की दिशा में यूपी सरकार एक्शन में

- कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अम्बेडकरनगर की पशु आहार
- निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी को सौंपा गया

लाभकारी

- अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुग्ध क्षेत्र को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सशक्त और किसानों के लिए लाभकारी बनाने की दिशा में बुधवार का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) तथा अम्बेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला के संचालन हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान संपन्न हुआ। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। एनडीडीबी के साथ यह एमओयू उसी दिशा में एक ठोस, दूरदर्शी और व्यवहारिक कदम है। सीएम योगी ने कहा कि दुग्ध विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिला है। झांसी की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी सहित आगरा व गोरखपुर आदि जनपदों में दुग्ध विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने इसमें सहयोग के लिए एनडीडीबी की भूमिका की सराहना भी की। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन सेक्टर की अपार संभावनाओं के बावजूद, पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और नीति विहीनता के कारण यह क्षेत्र उपेक्षित रहा, जिससे पशुपालकों के भीतर निराशा घर कर गई थी और प्रदेश का बहुमूल्य पशुधन भी धीरे-धीरे कम होता गया। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में क्रांतिकारी नवाचार हुए, जिनके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र आज युवाओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है और रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं।

## अस्पताल में भर्ती विधायक फतेह बहादुर को देखने पहुंचे सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को केके हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने यहां भर्ती कैंपियरगंज विधान सभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व मंत्री फतेह बहादुर सिंह का हाल जाना। फतेह बहादुर सिंह पिछले दिनों गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। घायल विधायक का केके अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने उनका कुशल-क्षेम जानने के बाद जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर योगी करेंगे वीडियो कान्फ्रेंसिंग

*लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। कानून व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यूपी के सभी वरिष्ठ अधिकारी जुड़ेंगे। अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी इस बैठक में शामिल होंगे। यूपी के सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है।*

*प्रदेश भर के सभी पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त भी जुड़ेंगे। रात आठ बजे मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह, यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजीएलओ अमिताभ यश बैठक में शामिल होंगे।*



मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय परमेश्वरी देवी को अर्पित की श्रद्धांजलि

## जोधपुर से दिल्ली फ्लाइट में जा रही महिला के बैग में मिला कारतूस

**जोधपुर।** जोधपुर से दिल्ली फ्लाइट में जाते महिला के बैग में कारतूस मिला। महिला के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कराया गया। फिलहाल महिला की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि उसके पिता आर्मी में कर्नल रह चुके है। संभवतः यह कारतूस उन्हीं का होगा जो कि भूलवश बैग में आ गया होगा। फिलहाल पुलिस प्रकरण की जांच में जुटी है। एयरपोर्ट थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि मंगलवार को जोधपुर से दिल्ली जा रही एक फ्लाइट में महिला के सामान की चैकिंग में कारतूस मिला। इस पर सीआईएसएफ की एसआई मीनाक्षी चौधरी की तरफ से महिला पांचवी रोड महेश हॉस्टल के पास रहने वाली यशोदा राजपुरोहित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दी गई। थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि संभवतः महिला के बैग में यह कारतूस भूल से आया होगा।

## सीएम ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक वास्तुविदों को दिया नियुक्ति पत्र



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में भवन निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित 101 सहायक वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तुविदों का कार्य इमारतों की डिजाईन बनाने के साथ-साथ पूरी निर्माण प्रक्रिया का रचनात्मक एवं तकनीकी मार्गदर्शन करना होता है ताकि निर्मित भवन सुंदर तथा उपयोगी हो। साथ ही वहां धूप, हवा एवं रोशनी का संतुलन हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज के इस कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित 101 सहायक वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है, मैं आप सभी को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और आपसे उम्मीद करता हूं कि आप अच्छे ढंग से अपने कार्य का निर्वहन करेंगे।

# नर्मदा घाटी परियोजनाओं के संचालन में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाए : सीएम

- नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक में सीएम ने दिए नर्मदा जल का प्रदेश हित में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा नदी राज्य की जीवनदायिनी है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे और ऊर्जा उत्पादन में बहुत वृद्धि हुई है, जिसके चलते प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। परियोजना के अंतर्गत निर्मित सिंचाई व्यवस्था में सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। जल उद्वहन में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने से बिजली पर होने वाले व्यय में कमी लाई जा सकेगी। किसानों को भी सिंचाई में सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। मां नर्मदा के जल का प्रदेश हित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मनीष रस्तोगी सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में शहीद ईलाप सिंह माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला हरदा, सेंधवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, निवाली उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, माँ रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला देवास की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिए गए।



## कतर में फंसी उज्जैन की मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी, सीएम ने वीडियो कॉल कर पूछा हाल

*भोपाल। ईरान-इजराइल युद्ध के बीच कतर की राजधानी दोहा में फंसी उज्जैन की मनीषा भटनागर की सकुशल वापसी हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद बुधवार को उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। मनीषा भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रु के पद पर काम करती हैं और वह तीन वर्षों से दोहा में रह रही थी।महिला का परिवार उज्जैन के नानाखेड़ा स्थित अभिषेक नगर में रहता है। पति रजत भटनागर सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को पत्नी का फोन आया था, वह घबराई हुई थी। उसने बताया कि मिसाइल से अटैक हो रहे हैं। घर के पास आवाजें आ रही हैं।*

## उदयपुर में फ्रांसीसी युवती से दुष्कर्म मामले में आरोपित गिरफ्तार



**उदयपुर।** उदयपुर में एड शूट करने आई फ्रांस की युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपित युवक को पुलिस ने बुधवार को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कास्टिंग कंपनी का मालिक है। मूवी से लेकर ऐड, सॉन्ग और सीरियल में कास्टिंग करता है। सलमान खान और अक्षय कुमार जैसे बॉलीवुड स्टार की फिल्मों में कास्टिंग कर चुका है। हालांकि, आरोपित पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा (29) ने कहा है कि उसके साथ हनी ट्रैप हुआ है। उसे बॉलीवुड के कुछ लोग फंसा रहे हैं। पुष्पराज चित्तौड़गढ़ के गंगरार तहसील क्षेत्र का रहने वाला है। वह करीब 8 साल से उदयपुर में रह रहा है। गौरतलब है कि कास्टिंग कॉल नाम से आरोपित और उसके सहयोगी की कंपनी है। इस कंपनी ने ही शूट के लिए युवती को हायर किया था। युवती 22 जून को मोबाइल एड शूट के लिए उदयपुर आई थी। इसी दिन पिछोला, सज्जनगढ़ फोर्ट और आस-पास के रेस्टोरेंट में शूटिंग की गई।




नन्ही शुटर — *नन्ही शूटर का उम्दा प्रदर्शन, खेल प्रेमियों और आयोजको ने नन्ही शूटर का हौंसला बढ़ाया*

# थंडरबोल्ट शूटिंग: तीन साल की शूटर को मिले पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर।** विनायक स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी बीकानेर और थंडरबोल्ट शूटिंग एकेडमी अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में शिवबाड़ी स्थित महाराजा डॉ.करणीसिंह शूटिंग रेंज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की थंडरबोल्ट निशानेबाजी की प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन का खेल रोमांच से भरपूर रहा। एक और खिलाड़ियों में जबर्दस्त उत्साह और रोमांच रहा, तो दूसरी तरफ खेल प्रेमियों ने भी जमकर उत्साह वर्धन किया। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि शिवबाड़ी के महंत विमर्शानंद महाराज थे। अतिथि के रूप में आरएसी थर्ड बटालियन की आरपीएस सीमा हिगोनिया भी मौजूद रही। मुख्य आयोजक अधीराज सिंह ने बताया कि महाराजा डॉ.करणीसिंह की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में अंतिम दिन चार कटगरी में नकद प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं अलग-अलग कटगरी में निशानेबाजों ने अपने निशाने साधे। प्रतियोगिता में अलग-अलग श्रेणियों में लगभग 500 खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले की मुख्य आकर्षण कोटा की नन्ही निशानेबाज रही। महज तीन साल द्रदांशी शुक्ला अपने परिजनों के साथ बीकानेर आई और उसने बेहद उत्साह के साथ निशाना साधा। नन्ही शूटर का उम्दा प्रदर्शन देख खेल प्रेमी रोमांचित हो गए। खेल प्रेमियों और आयोजको ने नन्ही शूटर का हौंसला बढ़ाया। आयोजक अधीराज सिंह के अनुसार चार कैटेगरी में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का नकद पुरस्कार दिया गया। इसमें एयर राइफल आईएसएस में जयपुर के प्रदीप सिंह 419.1 स्कोर के साथ प्रथम रहे।

